हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025



# राजनांदगांव में मानसून की दस्तक, इस सीजन 1011 मिमी बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले करीब दो सप्ताह से बस्तर पहुंचकर थमा हुआ मानसून अब आगे बढ़ गया है। मानसून ने सोमवार को राजनांदगांव, मोहला-मानपुर सहित अन्य जिलों में अपनी दस्तक दे दी है। जिले में मानसून के पहुंचने से पहले जमकर बारिश भी देखने को मिली। रविवार देर रात तक हुई बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है। सोमवार को अंचल का अधिकतम तापमान चार डिग्री लुढ़ककर 35 पर पहुंच गया है। वहीं इस मानसून सीजन में चार महीने के दौरान लगभग 1011 मिमी बारिश होना संभावित है। इधर बारिश की गतिविधियों में इजाफा होते ही किसानों ने भी खेती में पसीना बहाना शुरू कर दिया है।

## अंचल में अब तक सामान्य से 45 फीसदी कम बारिश, अधिकतम तापमान चार डिग्री लुढ़का

### अब लगातार बारिश का दौर

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के आधे से अधिक हिस्से में मानसून के सक्रिय होने के बाद अब लगातार बारिश का दौर बना रहेगा। बताया गया कि प्रदेश में कल 17 जून को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। राजनांदगांव जिले में भी सोमवार को अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को जहां अधिकतम पारा 39 डिग्री पर था, सोमवार को यह 35 पर जा पहुंचा है।



### बुआई की तैयारी में किसान

खरीफ सीजन को लेकर किसान भी अपनी तैयारियों में जुट गए हैं। खेत सुधार कार्य के बाद अब बेहतर बारिश का इंतजार किसान कर रहे हैं। बारिश के बाद किसान बुआई का काम करेंगे। ज्ञात हो कि इस बार राजनांदगांव जिले में 1.84 लाख हेक्टेयर रकबा, खैरागढ़ जिले में 1.08 लाख हेक्टेयर और मोहला-मानपुर जिले में 85 हजार हेक्टेयर में रकबा में किसान खेती करने वाले हैं। इनमें 90 फीसदी से अधिक रकबे में केवल धान की खेती होगी।

मौसम विभाग के अनुसार एक सिस्टम बन रहा है। जिसके तहत मानसून आगे बढ़ रहा है। विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून सम्पूर्ण कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात के कुछ भाग, दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश, विदर्भ के कुछ और भाग, छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग में पहुंच गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास विस्तारित है। पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 70 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका पूर्वी मध्यप्रदेश से बांग्लादेश तक छत्तीसगढ़, झारखंड और गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## खबर संक्षेप

### मोहड़ के ग्रामीणों से आज मिलेंगे दीपक बैज



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दीपक बैज कल 17 जून को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे मोहड़ में विगत दिनों हुए गोलीकांड मामले में घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही गोलीकांड के पीड़ित व ग्रामीणों से मुलाकात कर चर्चा करेंगे।

### सूने घर से नकदी सहित आभूषण चोरी

**राजनांदगांव।** सूने घर में प्रवेश कर चोरों ने नगदी रकम सहित आभूषण चोरी कर ली। घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई थी। रिपोर्ट पर बसंतपुर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीनगर फेस-2 के एक सूने मकान में 14 जून को अज्ञात चोर दीवार फांदकर प्रवेश किए और घर के सामान को अस्त-व्यस्त कर लाकर के अंदर व पर्स में रखे नगदी रकम 115000 रुपए, चांदी का कड़ा 15 नग, चांदी की पायल 2 नग, चांदी का सिक्का 6 नग, एक जोड़ी सोने का झुमका, मंगलसूत्र, सोने का चैन, सोने की जेंटस अंगूठी, बैंक पासबुक सहित अन्य कागजात चोरी कर लिए। घटना के दौरान घर के लोग घर पर नहीं थे। इस घटना की जानकारी होने पर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी मनीष कुमार ने दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## मोहड़ के ग्रामीणों ने कहा: अभाविप नेता को बचा रही है पुलिस

# मुख्य सरगना संजय की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों ने घेरा आईजी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 49 मोहड़ स्थित शिवनाथ नदी से रेत तस्करी करने रैंप बनाए जाने और ग्रामीणों द्वारा रोकने पर उन फायरिंग किए जाने के मामले में आज सैकड़ों की संख्या में वार्ड के लोगों ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय का घेराव करते ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

सैकड़ों की संख्या में पहुंचे वार्ड के लोगों ने रैली निकाली और सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने नारेबाजी करते आईजी कार्यालय पहुंचे। इधर बड़ी संख्या में वार्ड के ग्रामीणों द्वारा आने को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। मौके पर एएसपी, सीएसपी सहित पुलिस जवान तैनात कर दिए गए थे। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों को आईजी कार्यालय परिसर के भीतर रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण कांग्रेसी नेताओं के साथ बलपूर्वक भीतर घुस गए। इसके बाद उन्होंने मौके पर ही ज्ञापन लेने आईजी को बुलाने की मांग की, जिस पर आईजी अभिषेक शांडिल्य ज्ञापन लेने दफ्तर से बाहर आए। वहीं ग्रामीण से कार्रवाई के संबंध में बातचीत की और ज्ञापन लिया।



### सभी दोषियों पर होगी कार्रवाई

निष्पक्ष कार्रवाई होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है, किसी को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई शुरू की गई है।

\- अभिषेक शांडिल्य, आईजी



**एसपी दफ्तर के सामने प्रदर्शन :** इसी मामले को लेकर कांग्रेस के निखिल द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ एसपी दफ्तर के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा मामले में मुख्य सरगना एबीवीपी और भाजपा से जुड़े नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी की जाए। आरोपियों को भाजपा के नेताओं का खुला संरक्षण का आरोप भी लगाया। प्रदर्शन के दौरान अमर झा, शरद पटेल, राजा यादव, विशु अजमानी, अभिमन्यु मिश्रा, ऋषभ निर्मलकर, हर्ष साहू, सूरज शर्मा, मोनू श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी संदीप सोनी सहित अन्य शामिल हुए।

### सरगना को बचाने प्रयास

युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि गोलीकांड में प्रभावशाली लोगों का नाम आ रहा है। संजय सिंह नामक व्यक्ति द्वारा वायरल ऑडियो में ग्रामीण को फंसाने की बात की गई है। उन्होंने कहा की गोली चलने से भय का वातावरण बना हुआ है। संजय सिंह को बचाने भाजपा के लोग ताकत लगा रहे हैं। इस पर विधायक, सांसद, महापौर मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम ग्रामीणों के साथ न्याय के लिए लड़ते रहेंगे।

### कड़ी कार्रवाई की मांग

वार्ड के ग्रामीणों ने आईजी को बताया कि रेत तस्करों द्वारा जिस स्थान से रेत निकालने के लिए रैंप बनाया गया है, वहां पर शमशान है। रेत निकलने से दफन लोगों के कंकाल भी निकलेंगे। उन्होंने आईजी से मांग की है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते जल्द ही मुख्य आरोपी को पकड़ा जाए।

### मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर

वार्ड के ग्रामीणों के साथ पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि इस गोलीकांड का मुख्य सरगना संजय सिंह के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उसके नाम पर एफआईआर भी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सोमनी टीआई की संलिप्तता को देखते हुए इसमें निष्पक्ष न्यायिक जांच करने की मांग कांग्रेस कर रही है।

# असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन के मामलों पर जहां धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस टीम द्वारा 9 से 15 जून तक जिले में 36(च) के 63 प्रकरण, 36(सी) के 11 प्रकरण, 34(1)(ब) के 4 प्रकरण में कुल 9.6 बल्क लीटर शराब एवं 34(2) के 1 प्रकरण में 10 लीटर शराब बरामद की गई।कुल 79 व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। इसी तरह जिले में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में बीएनएसएस की धारा 170/126, 135(3) के तहत 7 प्रकरण में 7 व्यक्तियों पर कार्रवाई और धारा 126, 135(3) के तहत 8 प्रकरण में 9 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस लाइन खैरागढ़ में 13 जून को जिला पुलिस टीम द्वारा फायर बिग्रेड (अग्निशामक दल) राजनांदगांव की टीम के सहयोग से फायर सेफ्टी मॉकड्रिल के माध्यम से आगजनी जैसी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास कराया गया।

### वाहनों का परीक्षण

शिक्षा सत्र वर्ष 2025-26 के प्रारंभ होने की पूर्व तैयारी के रूप में 13 जून को जिला पुलिस टीम, स्वास्थ्य विभाग एवं परिवहन विभाग के सामंजस्य से राजा फतेह सिंह मैदान खैरागढ़ में 26 स्कूल बसों, वैनों का भौतिक परीक्षण तथा चालकों, परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच शिविर मे अनफिट पाए कुल 6 स्कूली वाहनों पर 14500 रुपए की चालानी कार्रवाई किया गया।

**कोटपा, मोटर व्हीकल एक्ट :** पुलिस के अनुसार कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते पाए जाने पर 51 व्यक्तियों पर कार्रवाई कर कुल 10200 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। आपरेशन तलाश अभियान के तहत जिलेभर में कुल 32 गुम इंसान दस्तयाब किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 154 प्रकरणों में कुल 54300 रुपए का समन शुल्क लगाया गया।


# दो दिन की छुट्टी के बाद भी समय पर नहीं आ रहे कर्मचारी, दफ्तर में सूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को राहत देने के लिए पिछले कुछ सालों से शनिवार की भी छुट्टी तय की है। जिसके चलते अब हर सप्ताह कर्मचारी दो दिन की छुट्टी का आनंद लेते हैं। इसके बाद हर कर्मचारी को दस बजे तक दफ्तर पहुंचने का समय निर्धारित किया गया है, परन्तु सरकारी कर्मचारी दो दिनों की छुट्टी के बाद भी सोमवार को समय पर कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं।

हालत यह है कि कलेक्टोरेट में स्थित विभागों में ही सोमवार को साढ़े दस बजे तक दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहता है। अधिकांश कर्मचारी दफ्तर तक समय पर नहीं आ रहे हैं। इसके बावजूद इनके खिलाफ ठोस एक्शन नहीं होने से ऐसे कर्मचारियों के हौसले भी बुलंद हो गए हैं।






### खाली दिखी कुर्सियां

हरिभूमि की टीम ने जब सोमवार की सुबह दस बजे सरकारी दफ्तरों में दस्तक दी तो अधिकांश कार्यालयों में कुर्सियां खाली दिखाई दी। अधिकांश कार्यालय में एक भी कर्मचारी दफ्तर नहीं पहुंचा था। जबकि शासन के निर्देश के अनुसार सुबह 10 बजे तक सभी कर्मचारियों को कार्यालय आने को कहा गया है।

## माय एंगल




# अवैध कारोबार में संलिप्त 126 वाहन किए जाएंगे राजसात, नीलामी की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग-अलग मामलों में अवैध कारोबार में संलिप्त 126 वाहनों को राजसात कर वाहनों के नीलामी की प्रक्रिया पुलिस विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है, जहां जिले के विभिन्न थानों में जब्त वाहनों को राजसात करने से राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं तस्करों को कड़ी कार्रवाई का संदेश भी जाएगा।

जिले में रेत व मुरूम तस्करी से लेकर अवैध शराब, गांजा, गौतस्करी जैसे मामलों में वाहनों की अहम भूमिका रहती है। तस्कर वाहनों के जरिये अपने अवैध कारोबार को अंजाम देते हैं। पुलिस विभाग द्वारा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने पर तस्कर जमानत में छूट जाते हैं, लेकिन वाहनों पर की गई राजसात की कार्रवाई ही तस्करों के लिए एक बड़ा दंड साबित होता है। बीते कुछ वर्षों में पुलिस विभाग द्वारा तस्करी के अलग-अलग मामलों में जिलेभर में जब्त कुल 126 वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है।



### तस्करी के 10 वाहन

तस्करी के मामलों में जब्त वाहनों में आबकारी विभाग से संबंधित प्रकरण के 111, एनडीपीएस एक्ट के 5, पशु तस्करी के मामले में जब्त 10 वाहन शामिल हैं। यह वाहन जिले के अलग-अलग थाना परिसरों में रखे हुए हैं। जिससे थाने में भी जगह की समस्या होती है। राजसात और नीलामी की कार्रवाई से थाना परिसर में जगह भी बनेगी।

### सबसे ज्यादा शराब की तस्करी

*जिले में पुलिस विभाग द्वारा राजसात किए जा रहे वाहनों के आंकड़ों से ही समझा जा सकता है कि बड़े पैमाने पर अवैध शराब की तस्करी और बिक्री हो रही है। राजसात होने वाले 126 वाहनों में अकेले आबकारी विभाग से संबंधित प्रकरणों के 111 वाहन शामिल हैं। इन वाहनों में अवैध शराब लाने-ले-जाने का काम किया गया है।*

### कार्रवाई से तस्करों को संदेश

*पुलिस विभाग द्वारा की जा रही इस राजसात की कार्रवाई को लेकर एएसपी राहुल देव शर्मा ने कहा वाहनों के राजसात होने से तस्करों का हतोत्सान होता है। समय-समय में वाहनों की नीलामी कार्रवाई से थानों में वाहन रखने सहूलियत होती है। इस कार्रवाई से तस्करों को संदेश जाएगा कि ऐसी गतिविधियों में संलिप्तता न हो।*

## किताबों के बगैर बीता पहला दिन, इधर मर्ज स्कूल के बच्चे भी नहीं पहुंचे

# स्केन करने के बाद ही बच्चों को बंटेगी सरकारी किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले साल सरकारी किताबें कबाड़खाने में मिलने के बाद अब नया पैटर्न लागू कर दिया गया है। नए सत्र में स्कूल पहुंचने वाले सभी विद्यार्थियों को स्केन करने के बाद ही किताबों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए हर सरकारी किताब में बकायदा कारकोड भी बनाया गया है। शिक्षकों को इसके लिए अलग से एक एप डाउनलोड करने भी कहा गया है।

जिले में डेढ़ लाख बच्चों को लगभग साढ़े सात लाख किताबें बंटनी है। जिनमें से 70 फीसदी किताबें पहुंच गई है। हालांकि शहर की अधिकांश स्कूल में किताब नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरूआत का पहला दिन स्कूल में किताबों के बगैर शुरू हुआ। यहां बच्चे उत्साह से स्कूल तो पहुंचे, लेकिन बिना किताबों के खाली बैठे रहे। शासकीय स्कूलों में अब तक किताबें नहीं पहुंची है। जिसके चलते बच्चों को नई किताबें नहीं मिल पाई है। वहीं अधिकांश शासकीय प्राथमिक शालाओं के बच्चे आज कॉपी लेकर भी नहीं पहुंचे थे। स्कूल में पढ़ाई के लिए किताबें आवश्यक है। इसके माध्यम से शिक्षा ग्रहण की जाती है, लेकिन स्कूल के द्वार विद्यार्थियों के लिए खुलने से पहले स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच पाई है, लेकिन गणवेश स्कूलों में भेज दिया गया है। जबकि किताबें बच्चों को पहले आबंटित की जानी चाहिए थी।



### जिले में डेढ़ लाख बच्चे

मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग ने पहली से दसवी कक्षा के लिए 1.49 लाख बच्चों के लिए किताबें मांगी है। पहली एवं दूसरी के बच्चों के लिए तीन, तीसरी से पांचवी के लिए चार, छठवीं से आठवीं के लिए छह और नवमीं एवं दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को सात किताबें निःशुल्क वितरित किया जाना है। जिले में लगभग साढ़े सात लाख किताबें बांटी जाएगी।

### फर्नीचर भी टूटे

जिले के अधिकांश स्कूलों के भवन में दरारें साफ नजर आती है। बारिश में दरारों से पानी भीतर आता है। वहीं छत के प्लास्टर भी गिरते हैं। कई स्कूल के भीतर रखे फर्नीचर भी टूट-फूट रहे हैं। जिसकी मरम्मत भी नहीं कराई गई है।

### स्कूल नहीं पहुंचे बच्चे

शहर के सोलहखोली के समीप शासकीय बापू प्राथमिक शाला नंबर 14 स्टेशनपारा को 17 बच्चों की दर्ज संख्या के चलते गौरीनगर स्कूल में मर्ज किया गया है। आज इस स्कूल के गेट पर ताला लगा रहा। वहीं मर्ज किए गए स्कूल में एक भी विद्यार्थी नहीं पहुंचा।

### तबादले से बच्चों में निराशा

युक्तियुक्तकरण के चलते कई स्कूलों से अतिशेष शिक्षकों के तबादले को लेकर भी बच्चों में निराशा दिखाई दी। शहर के रेवाडीह स्थित प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से पांचवी तक लगभग 80 बच्चों की दर्ज संख्या है। यहां तीन शिक्षक थे। जिसमें से एक शिक्षिका को व्यवस्थापन के तहत युक्तियुक्तकरण से पहले ही अन्य स्कूल में भेजा गया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### शाला भवन का भूमिपूजन

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला तेलीटोला में विधिविधान से शाला भवन का भूमिपूजन किया गया। भवन निर्माण के लिए 15 लाख स्वीकृति मिली है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह थी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, विमल यादव, संदीप मेश्राम, राजेश सिंघी, सैयद अजहरुद्दीन कुरैशी, जागेश्वर कोमरे, अमित निषाद, डोमन साहू, अनिल साहू, मेहतरु बसु, परमेश्वर सिन्हा, पंचू साहू, डोमार, आशाराम, भागवती मांडवी, हेमानबाई, कुमारीबाई आदि मौजूद थे।

### रेत से भरी माजदा जब्त

**डोंगरगढ़।** मुड़पार में 15 जून को अनुविभागीय अधिकारी के आदेश पर नदी से रेत का खनन और परिवहन करने के मामले में कार्रवाई की गई। मौके पर रेत से लदे माजदा सीजी 08 एल 2030 जप्त किया गया। रेत से लदे माजदा को जप्त कर थाना डोंगरगढ़ के सुपुर्द किया गया है।

### धर्म श्री जी का समाधि मरण



**डोंगरगढ़।** साधिका मां धर्म श्री जी का उत्कृष्ठ सल्लेखना पूर्वक गत दिनों समाधिमरण हुआ। अशोकनगर निवासी धर्म श्री जी ने आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर महाराज से 7 प्रतिमा के व्रत एवं आचार्य गुरुवर श्री 108 समय सागर महाराज से 10 प्रतिमा के व्रत ग्रहण किया था। चंद्रगिरि तीर्थ में आर्यिका आदर्श मति माताजी के ससंघ सानिध्य में 6 निर्जल उपवास के साथ उनका समाधि मरण हुआ। जिनका डोला श्री चंद्रगिरी क्षेत्र से मुक्तिधाम ले जाया गया।

### हेलमेट संगवारी का सम्मान



**डोंगरगांव।** नगर के हेलमेट संगवारी धर्मेंद्र साहू एवं उनकी टीम के उत्कृष्ठ कार्यों को देखते हुए मेडिकल कॉलेज राजनंदगाँव में आयोजित विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने सम्मानित किया।

## पहले दिन स्कूलों में प्रवेशोत्सव का उत्साह के साथ आयोजन

# दाखिले के बाद बच्चों का स्वागत

## बच्चों से नियमित स्कूल आने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में आयोजित प्रवेश उत्सव के दौरान कई प्रमुख समस्याओं को मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो के समक्ष रखा गया। उन्होंने तत्काल समाधान का आश्वासन दिया, जिससे स्कूल स्टाफ और अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है।

कार्यक्रम की शुरुवात नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर किया गया। कार्यक्रम में जीवनदास रात्रे, पार्षद दिलीप ओगरे, मोहसिन खान, राकेश निषाद, प्रकाश पटेल, अमन सोनी, अशोक पटेल, सुमन पाटले, नारायण चतुर्वेदी, लियाकत अली, संजू उइके, मंजू नेताम सहित अन्य उपस्थित थे। अतिथियों ने स्कूल की व्यवस्था, पढ़ाई के स्तर सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए।



### प्रधानाध्यापिका ने बताई चुनौतियां

प्रधानाध्यापिका यांत्री पड़वार ने अपने संबोधन में बताया कि स्कूल में प्रतिवर्ष लगभग 295 बच्चे प्रवेश लेते हैं, जिससे स्कूल का प्रांगण छोटा पड़ जाता है। बच्चों के खेलने के लिए जगह नहीं बचती। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि स्कूल के पीछे की शासकीय जमीन को खेल के मैदान के लिए उपलब्ध करा दिया जाए, तो बच्चे खेल के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के दिनों में स्कूल प्रांगण में पानी भर जाता है और कीचड़ हो जाती है, जिससे बच्चों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने समस्या के समाधान के लिए चेकर टाइल्स लगाने की मांग की। इसके अतिरिक्त उन्होंने बोर खनन की आवश्यकता बताई, ताकि पानी की समस्या का समाधान हो सके।

### विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में कक्षा 8वीं बोर्ड में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी गुलशन पटेल और निशा रात्रे को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्तमान सत्र में 71 बच्चों ने कक्षा छठवीं में प्रवेश लिया है। कार्यक्रम का समापन गणवेश वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर कौशल राजपूत, सुनीता मरकाम, माधीलाल यादव, संतोष रजक, कमलेश नेताम, पुनेश्वर देवांगन, संतोष झारिया, शशि मानिकपुरी, पुष्पा यादव, पूर्णिमा यादव, यास्मीन बानो, फातमा बानो उपस्थित थी।

### अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

मुख्य अतिथि लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि यह स्कूल बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए जाना जाता है, और इसकी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूल की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से विचार करने और हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मैदान को प्रार्थना सभा के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना बनाकर जल्द इस दिशा में कदम उठाया जाएगा। खेल मैदान के लिए आसपास शासकीय भूमि उपलब्ध होने पर कलेक्टर के संज्ञान में लाकर पहल की जाएगी। बोर खनन के संबंध में आश्वासन दिया कि पीआईसी की बैठक में इसे रखा जाएगा या उनकी निधि से बोर खनन कराया जाएगा।



### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें बच्चों को

**डोंगरगांव।** कोकपुर संकुल के अधीन आने वाली प्राथमिक शाला अरसीटोला में सोमवार को शाला प्रवेश उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौदी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस मौके पर उमाबाई लाउत्रे, शाला समिति अध्यक्ष गिरधर पटौदी, लोकचंद मंडावी, योगेश पटौदी, धर्मेंद्र लाउत्रे, सुखदेव आदि अतिथि के रूप में मौजूद थे। स्वागत के बाद शाला प्रमुख खिलावन ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए शैक्षणिक वर्ष की योजनाओं के बारे में बताया। बच्चों का स्वागत तिलक, माला एवं उपहार देकर किया गया। इस मौके पर खेल, गीत एवं नृत्य का आयोजन किया गया। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन शिक्षकों ने रंग-बिरंगे गुब्बारों से विद्यालय को सजाया था। जनपद अध्यक्ष श्रीमती पटौदी ने शिक्षा की गुणवत्ता पर बल दिया।



### किताब का वितरण

**टाटेकसा।** प्राथमिक शाला खैरबना में शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस पर नव प्रवेशी छात्र - छात्राओं का स्वागत किया गया। शिक्षकों ने नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को गुलाल से तिलक लगाकर अभिनंदन करते हुए गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरण किया। कार्यक्रम में सरपंच सुखचंद कंवर, दीपक ताम्रकार, मोहनलाल कंवर, बंशीलाल कंवर, अजय मंडावी, विजय मंडावी, न्यूराज कंवर, रमेशर कंवर, शिक्षक तोरणसिंह जामुनकर, प्रधानपाठक तुकाराम साहू तथा पालक शामिल हुए।

### बच्चों का लिया हैण्ड प्रिंट

**अर्जुनी।** प्राथमिक विद्यालय सुखरी में नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर करने के बाद उनके हाथों का प्रिंट लिया गया। बच्चों को चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। शाला की प्रधान पाठक सपना भरतद्वाज ने न्यौता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर पूरी खिलाया। कार्यक्रम में सरपंच सुरेंद्र गोस्वामी, रिटायर्ड शिक्षक सीएल हिरवानी, एसएमसी अध्यक्ष भीष्मदेव तिवारी, उपाध्यक्ष सोमेश साहू, समन्वयक श्री रात्रे, पंच, पिंकी, ज्योति, अनिता, संगीता, उमा,नारायणी, भुनिता, अंजू, टिमला, टेसुराम ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षक गिरिजा साहू, सरस्वती साहू ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने प्रेरित किया।



### खूब पढ़े और आगे बढ़ेः किरण

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सोमवार को बेंलरगोदी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुई। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने बच्चों से कहा कि किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ नई शुरुआत करना है। उन्होंने सभी से मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने का आव्हान किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कुमार साय साहु ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आलोक मिश्रा, सोनम मरावी, अजोधराम, हुमनराज निर्मलकर, नागेश्वर भारद्वाज, ढालसिंह वर्मा, सुमेरी पाल, गिरीश कुमार, सुशील नेकी, उमाशंकर साहु, सुनीता सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।



# विद्युत लाइन के लिए पेड़ों की कटाई

## किसानों को नहीं दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकास कार्यो के नाम पर ठेकेदारो को कटाई की छूट पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रही है। राजस्व विभाग और वन अमला अवैध कटाई को लेकर मौन है वहीं दूसरी ओर करोडो खर्च कर तैयार वृक्षों को काटने के बाद लकडी चोरी का मामला सामने आने के बाद अधिकारी आंख बंद किए हुए हैं। ग्रामीणों ने निजी जमीन से पेडों की कटाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जबकि सरकारी क्षेत्र से हो रही कटाई पर अंकुश लगाने पहल नहीं की जा रही है। हाल में नई विद्युत लाइन बिछाने के नाम पर बिना अनुमति के दर्जनों पेड़ काट दिया गया है। कल्याणपुर खार अंतर्गत चिद्दो गेट के पास 6 पंप कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग को आवेदन प्राप्त हुए। कनेक्शन के लिए जिन किसानों के खेत से पेड़ काटे जा रहे हैं उसकी न तो अनुमति ली गई है और न जानकारी दिया गया। ठेकेदार ने विद्युत लाइन के नाम पर हरे भरे पेड़ काट दिए है। मजे की बात यह है कि विद्युत लाइन जहां से जा रही है उसके 20 फीट दूर के पेड़ को भी काट दिया गया है। कृषक देवेंद्र साखरे ने बताया कि चिद्दो गेट के पास उनके तीन एकड़ खेत से विद्युत लाइन जा रही है। महीनों से लाइन का कार्य जारी है किन्तु उन्हे अब तक सूचना नहीं दी गई है। लाइन के दायरे में आने वाले पेड़ों को बिना अनुमति के काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि काटे गए पेड़ के 20 फीट दूर से विद्युत खंबे खड़े किए गए है।



### अफसरों के पास जवाब नहीं

पेड़ों की कटाई को लेकर अब अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है। विद्युत मंडल अछोली के जूनियर इंजीनियर अनुराग ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। अतिरिक्त कार्यालय में ग्रामीणों द्वारा पंप कनेक्शन के लिए आवेदन दिया जाता है। किसानों और आवेदक के साथ सर्वे किया जाता है जिससे कितने पेड़ कटेंगे की जानकारी आवेदक किसानों और सर्वे विभाग के कर्मचारियों को रहती है। इस मामले में सुपरवाइजर ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगा। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# पहले दिन संकट में फंसे छात्र

## सामाजिकजनों ने अपना भवन देने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

चारभांठा की पूर्व माध्यमिक शाला का 30 वर्ष पुराने भवन के जर्जर होने से छात्र छात्राओं के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। विगत दो वर्षों से स्कूल का संचालन साहू एवं निषाद समाज के मंगल भवन में हो रहा था किन्तु अब समाजिकजनों ने स्कूल में कक्षा लगाने से मना कर दिया है।

प्रधानपाठक तोरण लाल वर्मा ने बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला का भवन जर्जर होने के बाद से साहू एवं निषाद समाज के मंगल भवन में स्कूल का संचालन किया जा रहा था। सोमवार को शिक्षा सत्र शुरु होने पर लोगों ने भवन की चाबी देने से इंकार कर दिया। समस्या को देखते हुए शाला प्रबंधन समिति की आवश्यक बैठक कर स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में साहू समाज के कोमल राम साहू एवं निषाद समाज के अध्यक्ष पंचराम निषाद ने भवन की चाबी से मना करते हुए कहा कि कहा कि भवन की स्थिति से प्रशासन को अवगत कराते हुए नए भवन निर्माण की मांग की गई है किन्तु अब तक सुनवाई नहीं हुई। ऐसे ही चलते रहेगा तो भवन का निर्माण नहीं होगा।



### प्रस्ताव भेजा गया

संकुल समन्वयक उगेश निषाद ने बताया कि नए भवन के निर्माण एवं पुराने भवन को डिस्मेंटल करने के लिए प्रपोजल बनाकर विभाग को भेजा गया है। भवन निर्माण होने तक इस परिस्थिति से जूझना पड़ेगा। शाला समिति के अध्यक्ष गणेश साहू ने कहा कि भवन की समस्या से मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय को अवगत कराकर भवन निर्माण की मांग किया जाएगा।

## अर्जुनी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विवि दुर्ग के निर्देशानुसार बीए, बीकॉम, बीएससी (बायो, गणित) प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी विवि के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण में 12वीं में प्राप्तांको के आधार पर प्रथम मेरिट सूची जारी की जाएगी। सूची में नाम आने पर विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन फॉर्म की हार्ड कॉपी, 10 वीं, 12वीं की अंकसूची की छाया प्रति, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर में 90, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 90, बीएससी बायो एवं गणित में 90 सीट स्वीकृत है।

## योग शिविर आज से

**सड़क अतरिया।** आयुष विभाग के दिशा निर्देशन में आयुर्वेद औषधालय सड़क अतरिया में कल 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 6 से 7 बजे तक चलेगा। शिविर में प्राणायाम करने के तरीके एवं फायदा बताया जाएगा। अंतिम दिवस औषधियुक्त काढ़ा वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने ग्रामीणों से शिविर में शामिल होने की अपील की है।

## चार साल में नहीं बना अंडरब्रिज, आवागमन में परेशानी

**डोंगरगढ़।** ग्राम झिटिया में लगभग चार साल से अंडरब्रिज का कार्य चल रहा है जो अब तक अधूरा है। टाइम लाइन के अनुसार काम नहीं करने के बाद भी रेलवे के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम झिटिया रेल मार्ग पर स्थित है।

लोगों के आवागमन के लिए अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अंडरब्रिज लगभग चार वर्षों से बन रहा है जो अभी भी पूरा नहीं हुआ है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के 70 प्रतिशत लोग आने जाने के लिये इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। अंडरब्रिज बन जाने से उनके आने-जाने का रास्ता आसान हो जाता, इसीलिए प्रशासन ने अंडरब्रिज को जल्द बनाने के लिए ठेकेदार से कहा था। ठेकेदार ने टाइमलाइन के अनुसार निर्माण पूरा नहीं किया। शहर से 40 किलोमीटर के दायरे में दर्जनों अंडरब्रिज और ओवरब्रिज बन रहे हैं। जिसकी देखरेख रेलवे के अधिकारियों को करना है, लेकिन वह मौके पर जाने के बजाए आफिस में ही बैठे रहते हैं। दर्जनों अंडरब्रिज, ओवर ब्रिज का काम पूरा नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य की गति में तेजी नहीं आई तो बारिश के दिनों में कार्य में और विलंब हो सकता है।

## खदान बंद पर खनन और भंडारण जारी, बारिश के बाद महंगे में बेचने की तैयारी

# खाली जगहों पर लाखों की रेत डंप, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राजनांदगांव के मोहड़ में हुए गोलीकांड के बाद खनिज माफिया के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। महीनों से रेत का खनन होने के बाद भी चुप्पी साधे रहने वाले प्रशासन ने एक्टिव होकर धरपकड़ शुरू कर दिया है। वहीं शहर में डंप हजारों घन मीटर रेत को जब्त करने कार्रवाई नहीं की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बगदई, साल्हे, करियाटोला, रातापायली, मेढ़ा, घोरदा, बुद्धूभरदा, छुरिया ब्लाक के अधीन आने ग्राम बंशीबंजारी, सांकरदाहरा, चांदो आदि जगहों से महीनों से रेत का खनन किया जा रहा है। इस कारोबार में रेत माफिया के साथ भाजपा नेताओं और अधिकारियों का गठजोड़ होने के कारण अब तक कार्रवाई नहीं हो रही थी किन्तु मोहड़ की घटना के बाद प्रशासन के सामने इज्जत बचाने का सवाल खड़ा हुआ तो आननफानन में कार्रवाई शुरू किया गया है।

### लाखों की रेत डम्प

रेत खदानों के सरकारी तौर पर बंद होने के बाद भी आसपास की नदियों से लाकर शहर के विभिन्न स्थानों पर डम्प किया गया है। पद्मा गैस एजेंसी, बीएसएनएल आफिस के पीछे, कालेज के पास, पौनी पसारी हाट के पीछे सहित अन्य स्थानों पर बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण देखा जा रहा है। वहीं बगदई- साल्हे मार्ग, साल्हे बरगांव पहाड़ी में व्यापक पैमाने पर रेत डम्प किया गया है। रेत डम्प करने के बाद माफिया बारिश होने का इंतजार कर रहा है ताकि मनमाने दाम पर बेचा जा सके।



साल्हे और बरगांव के बीच स्थित वन विभाग की पहाड़ी पर डंप रेत

### नहीं सुधर रहे अफसर

बताया जाता है कि खनिज माफिया ने अधिकारियों को सेट कर रखा था। अधिकारियों तक उनके ओहदे के हिसाब से लिफाफा भी पहुंच रहा था। वही सत्ता की धौंस दिखाकर कतिपय भाजपा नेता उगाही करने के अलावा रेत के कारोबार में सीधे शामिल हो गए थे। वहीं संगठित गिरोह चला रहे कुछ लोग उगाही करने के साथ वाहन के पकड़ में आने के बाद दलाली करने सक्रिय थे। मोहड़ घटना के बाद भले ही एक्शन शुरू हो गया है किन्तु कार्रवाई की आड़ मे अधिकारी अभी भी उगाही करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### सरपंच बना सरगना

नगर की समीपवर्ती एक पंचायत का सरपंच का नाम भी रेत माफिया के रूप में प्रमुखता से सामने आ रहा है। बताया जाता है कि कांग्रेस शासनकाल में विधायक की निकटता की धौंस दिखाकर रेत का धंधा कर रहा था। अब भाजपा का राज होने के बाद भी उसकी तूती बोल रही है। साल्हे एरिया से रेत का खनन कर नदी के किनारे और वन विभाग की पहाड़ी पर बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण किया गया है। इस सरपंच के हौसले इतने बुलंद है कि एसडीएम, तहसील कार्यालय खुलने के पहले, लंच टाईम में मेटाडोर में रेत लोड कर परिवहन कराता है।



## खबर संक्षेप



### डायरिया उन्मूलन कैंपेन का शुभारंभ

**अंजोरा।** ब्लॉक स्तरीय स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ सिविल अस्पताल नगपुरा में हुआ। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एनएल बंजारे ने आमजनों को डायरिया के कारण, दुष्प्रभाव एवं उपचार की जानकारियाँ दीं। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष स्वास्थ्यकर्मियों को इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने प्रेरित किया गया। अध्यक्ष ने 4 बच्चों को 2-2 ओआरएस पैकेट एवं 14-14 जिंक की गोलियां प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. ज्योति धुर्वे, नरेन्द्र जैन, बलबीर राजपूत, गीतू देशमुख, चोवाराम कंवर, साध्वी कंवर, नीता गयकवाड़, प्रतिभा सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्डों में आज से सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह फरवरी से मई 2025 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में कल 17 जून से 29 जुलाई तक सुबह 10.30 से दोपहर 3.30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 17 जून को वार्ड नं. 1 के लिए साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव, 18 जून को वार्ड नं. 2 के लिए लोधी भवन, 19 जून को वार्ड नं. 4 के लिए पंचायत भवन नया ढाबा व पुराना ढाबा स्कूल के पास एवं 20 जून को वार्ड नं. 3 व 8 के लिए मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

# 68 साल के बाद खुलेगा आम लोगों के लिए संगीत विश्वविद्यालय के भीतर मंदिर का पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़





सालों से आम लोगों के भ्रमण के लिए बंद राजा के दरबार हॉल के बाद राधा कृष्ण मंदिर के 68 सालों से बंद दरवाजे को कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने आम लोगों के लिए खुलवा दिया है।

गौरतलब है कि महज चार साल की उम्र में राजकुमारी इंदिरा के आकस्मिक निधन बाद पूरे राजमहल परिसर को संगीत कला के लिए दान देने वाले राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह सहित उनके पूर्वज दरबार हॉल के जिस राजसी सिहांसन पर बैठकर रियासत का संचालन करते थे वहाँ कुछ साल पहले आम लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई थी इसी प्रकार 1938 में परिसर में ही निर्मित राजकुमारी ऊषा देवी को सर्वाधिक प्रिय राधा कृष्ण मंदिर के पट भी आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था हालांकि राजमहल को शासन को हस्तांतरण करने से पहले राजपरिवार ही इस मंदिर मे पूजा अर्चना करते थे विशेषकर राजकुमारी उषादेवी सिंह का मंदिर से विशेष लगाव था। 1956 में विवि के निर्माण को लेकर राजमहल को दान में देते समय मंदिर की पूजा अर्चना के लिए राजपुरोहित और दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी के वंशज को पूजा पाठ के लिए नियुक्त किया गया है।

तब से लेकर आज तक वही यहाँ पूजा पाठ करते आ रहे है। गौरतलब है कि मंदिर के भीतर भाग में दीवार और राजपरिवार की आराध्य मां दंतेश्वरी मंदिर की दीवारों पर हुई शानदार नक्काशी देखने लायक है।

### दोनों समय रोज खुलेगा मंदिर का पट

राजपरिवार का निजी मंदिर होने के कारण इसे भीतर मंदिर कहा जाता है। मंदिर के नाम पट्टिका पर भी इसे भीतर मंदिर के नाम से संबोधित किया गया है। राजकुमारी उषा देवी सिंह का राधा कृष्ण के प्रति इतनी गहरी आस्था थी कि अस्वस्थ्यता के कारण नेत्र की रोशनी चली गई तब भी वह मंदिर में किस दिशा में कौन सी प्रतिमा स्थापित है वह भली भांति जान लेती थी। संगीत विवि के रूप मे स्थापना बाद 1980 में चोरी की एक घटना बाद पुजारी के करते ही मंदिर को बंद कर दिया जाता था। सुरक्षा के मद्देनजर आम जनों के दर्शन के लिए प्रतिमा के सामने दीवार पर बने झरोखा को भी बंद कर दिया गया। पूर्व कुलपति प्रो मांडवी सिंह द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कर रंग रोगन और प्रवेश द्वार पर राधा कृष्ण की आकर्षक पेंटिंग बनवाई गई, लेकिन मंदिर के पट को आम लोगों के लिए नही खोला गया लेकिन वर्तमान कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने राजमहल और मंदिर के प्रति आम लोगो की आस्था का ध्यान रखते हुए मंदिर को दिन में दोनों समय खोलने का आदेश जारी कर दिया है।

## मिशन संडे टीम ने मौके में पहुंचकर किया निरीक्षण

# उपेक्षा का शिकार आमनेर का दाऊचौरा घाट, गंदगी से बजबजा रहा एनीकट

## नपा प्रशासन की कार्यशैली उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते कई महीनों से प्रत्येक रविवार नगर पालिका क्षेत्र में आम लोगों को मिलने वाली सहूलियतों में कमी और समस्या को लेकर विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश में गठित कांग्रेसियों की मिशन संडे टीम लगातार मौके पर पहुंचकर नपा प्रशासन की कार्यशैली को उजागर कर रही है।

इसी क्रम मे मिशन संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में टीम सदस्यों ने जीवनदायिनी माने जाने वाली आमनेर नदी के महादेव घाट की बदहाल स्थिति को लेकर नपा प्रशासन को कटघरे मे खड़ा कर दिया है। मौके पर पहुंचकर निरीक्षण बाद घाट की दुर्दशा देखकर हैरान परेशान टीम सदस्यों ने इस मामले में नगर प्रशासन की अनदेखी पर सवाल भी उठाया। उन्होंने कहा कि यह वही घाट है जहां सालों से गणेश, दुर्गा, गौरा गौरी की प्रतिमाओं का विसर्जन, कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान, पितृ पक्ष में तर्पण और गंगा आरती जैसे सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन होते रहता हैं। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होते है लेकिन वर्तमान में घाट पर एक बूंद भी पानी नहीं बचा है। इसका एकमात्र कारण एनीकेट का टूटा हुआ दरवाजा है जिससे लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और घाट सूखा पड़ा है।



### एनीकट बना मज़ाक, लाखों खर्च के बावजूद नतीजा सिफर

आम लोगों की निस्तारी के लिए सालभर नदी में पानी रहने की आस में लाखों रूपया खर्च कर पुराने रपटा पुल को एनीकट में बदला गया, लेकिन एनीकट महज तीन माह ही पानी रोक पाता है शेष नौ महीने पूरी नदी सूखी पड़ी रहती है और गंदगी व जलकुंभी से अटा पड़ा रहता है। जमाव के कारण बचा खुचा पानी भी सड़ जाता है और आसपास के रहवासियों को चौबीसों घंटे दुर्गंध में गुजारना पड़ता है। इसका मुख्य कारण एनीकट का टूटा दरवाजा और लीकेज है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब मंदिर परिसर में फैली गंदगी, शराब की खाली बोतलें और नशेड़ियों का जमावड़ा दिखाई देता है। मिशन संडे के निरीक्षण में सामने आया कि रात के अंधेरे में पूरा घाट नशेड़ियों का अड्डा बन गया है, जहां शराब और गांजा पीकर बोतलें नदी में फेंकी जा रही हैं।

### नपा प्रशासन बेखबर

मिशन संडे टीम के संयोजक मनराखन देवांगन ने बताया कि घाट की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण को लेकर जल्द ही कलेक्टर से मुलाकात कर व्यवस्थित कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही शहर की नालियों का गंदा पानी जो सीधे नदी में मिल रहा है उसे व्यवस्थित करने और दाऊचौरा वार्ड में बने पानी टंकी से ओवर फ्लो होकर बहने वाली हजारों लीटर पानी को सीधे एनीकट में मिलाने की मांग की जाएगी। महादेव घाट के संयोजक अरुण भारद्वाज ने कहा कि जिस घाट पर लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है, वहां गंदगी और प्रशासन की चुप्पी शर्मनाक है। नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने नगर पालिका पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ सरकार स्वच्छता अभियान की ढोल पीट रही है, दूसरी तरफ शहर के मध्य स्थित महादेव घाट पर गंदगी का आलम यह है कि वहां पूजा-पाठ की भी स्थिति नहीं बची। इस दौरान पार्षद दिलीप लहरें, रविन्द्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, भूपेंद्र वर्मा, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सुदर्शन ढीमर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी व टीम सदस्य मौजूद थे।

# आवंटित दुकानों का नहीं हो रहा किराया वसूल



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ नगर पालिका के माध्यम से करोडो रूपये स्वीकृत कर बनाई गई दुकानो को लेकर उसके अंबटन के साथ साथ दी गई दुकानों की प्रीमियम राशि तो दूर किराया भी वसूल करने में अधिकारी कर्मचारीयों को मशक्कत करनी पड रही है।

नीचे मंदिर सतबहनी मार्ग की बनी दुकाने 15 साल बीतने के बाद भी उक्त दुकान का आबंटन नगर पालिका परिशद नही कर पा रही है। बजकि उक्त मार्ग पर लोग नजुल मुख्य मार्ग पर दुकान लगा कर व्यपार कर रहे है। जबकि खाली पडी दुकानों पर बार से आकर लोगो ने उस पर कब्जा कर वहां रहना भी षुरू कर दिया है और कई दुकाने कबाड में तबदिल हो रही है। रेल्वे चैक दुर्गा मंदिर के पास फ्रुट मार्केट के नाम से बनी 13 दुकाने को तत्कालिन नगर पालिका अधिकारी कुलदीप झा ने अपने कार्यकाल के दौरन वार्ड के भाजपा पार्शद के साथ सडयंत्र पूर्व नियम विरूद्ध उसका आबंटन कर दिया जहां आज वहां दुकान खुलना तो दुर गोदाम में तबदिल हो चुका है साथ ही अवैध रूप से वहां खाद्य समाग्री बनाने का फैक्ट्री भी बन चुकी है। हाल ही में 2 साल पहले षनि मंदिर के सामने बनी बाल उद्यान की दुकानों का अंबटन होने के बावजूद वहां के दुकान संचालकों से उसकी मूल प्रीमियम राशि भी जमा नही करायी गई है। जबकि दुकानदारों ने प्रति माह की दर से तय हुआ किराया भी नही वसुल सका है।

आश्चर्य की बात यह है कि बिना नगर पालिका के एनओसी जारी किये उन दुकानों में विद्युत विभाग ने मीटर भी लगा दिया है। जिन लोगो ने उस दुकान को लिया है। उन लोगो ने दुसरों को किराय में देकर प्रतिमाह उनसे किराय वसुल कर अपनी जेब गर्म कर रहे है।

नगर पालिका में जमा होने वाली राषि के वसुली को लेकर अधिकारीयों की लापरवाही जांच का विशय भी बनी हुई है नगर पालिका सीएमओ सीके शर्मा ने उक्त दुकानदारो को राशि व किराया जमा कराने नोटिस जारी करने की बात कही है। और जल्द ही दुकानो को नियमताः दुकानों को सील लगाने का हवाला भी दिया है।

# कोलकाता में चित्रकला स्पर्धा, संगीत विवि के छात्र को मिला पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बर्जर पेंट द्वारा कोलकाता में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता कलर ऑफ जॉय 2024 में इंदिरा कला संगीत विवि के छात्र गौतम कुमार ने हिस्सा लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हजारीबाग झारखंड निवासी गौतम कुमार विवि में चित्रकला विभाग मे एमएफए अंतिम वर्ष का छात्र है।

प्रतियोगिता में गौतम ने अपनी बेहतरीन चित्रकारी का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। बर्जर पेंट द्वारा छात्र गौतम को उनकी उपलब्धि पर पुरस्कार स्वरूप एक लाख रूपयों सहित प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि इंदिरा कला संगीत विवि विभिन्न कलाओं के क्षेत्र में नया आयाम गढ़ रहा है जिसका लाभ यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को किसी न किसी रूप में मिल रहा है। छात्र अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेकर प्रतिभा प्रदर्शन कर रहे हैं और कला जगत में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। छात्र की उपलब्धि पर कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि शिक्षण व प्रशासनिक व्यस्था के लिए भारत में विख्यात संगीत विवि विद्यार्थियों की लगन, मेहनत व प्रशिक्षण के चलते अलग मुकाम हासिल कर रहा है। संगीत के विद्यार्थी मुंबई जैसे महानगरों में जाकर अपनी कला का प्रदर्शन कर बड़ा कलाकार बन रहे हैं। छात्र गौतम ने चित्रकला स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल कर विवि को गौरवान्वित किया है।



# अदूरदर्शी इच्छा शक्ति के चलते एथलेटिक ट्रैक बाधित : रूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सांसद संतोष पांडे, विधायक डॉ. रमन सिंह की निष्क्रियता को रेखांकित करते कहा कि इनके बेसुधी के कारण ही सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के लिए पैसा आने के बाद भी उचित स्थल चयन नहीं हो पा रहा है। कृष्ण कुंज को उजाड़ने के बजाय पर्याप्त पार्किंग वाले उचित स्थान चयन के लिए जिले के संवेदनशील कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया गया है।

प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते कहा कि सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के नाम पर श्रेय, वाहवाही लूटने वाले एथलेटिक ट्रैक के लिए स्थल चयन नहीं करा पा रहे हैं, जो दुर्भाग्यजनक है। पूर्व में भी जब दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण हुआ, तब बेसुध नेतृत्व के चलते 3 करोड़ के बास्केटबाल कोर्ट को तोड़ गया और बिना पार्किंग का स्टेडियमनुमा सफेद हाथी खड़ाकर दिया गया। जिससे राजनांदगांव की खेल गतिविधियां शून्यता की ओर बढ़ गई है। कलेक्टर को पत्र लिखकर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण बिना कृष्णकुंज को उजाड़े व पर्यावरण को क्षति पहुंचाए उचित स्थान में निर्माण जल्द कराने पत्र लिखा है।

# युक्तियुक्तकरण बना बच्चों की सुचारू पढ़ाई के लिए रामबाण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

युक्तियुक्तकरण प्रकिया बाद जिले के लगभग सभी शालाओं में शिक्षकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई बाधित नही होगी। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में बीते दिनों शिक्षा विभाग ने प्राथमिक, मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूलो में 148 अतिशेष शिक्षकों को नियुक्त कर दिया है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया बाद पांच शिक्षकविहीन, 90 एकल शिक्षकीय प्राथमिक शालाओं में अतिशेष को हटाकर भेजा गया है। दो एकल शिक्षकीय मिडिल स्कूल सहित चार हाई स्कूलों में भी नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात पर शिक्षकों की कमी को देखते हुए बीस के आसपास प्राथमिक शालाओं में अतिरिक्त शिक्षक भेजे गए है। आठ प्रयोगशाला सहायकों के अलावा हाई और हायर सेकंडरी शालाओं में भी विषयवार शिक्षकों की तैनाती की गई है।

■ अब बच्चों की पढ़ाई नहीं होगी प्रभावित

### 64 में काम अटका, 25 में नहीं हो पाया शुरू

बीते साल मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनांतर्गत विभाग को 26 करोड़ 16 लाख रूपए अतिरिक्त कक्ष और शाला मरम्मत के लिए मिला था जिसमे जिले के दोनों ब्लाक खैरागढ़ के 175 और छुईखदान के 106 को मिलाकर 281 शालाओं में काम होना था, लेकिन पूरा शैक्षणिक संत्र बीतने के बाद भी 25 जगहों में विभाग काम शुरू नही करा पाया है। 64 जगहों पर काम प्रगतिरत है जबकि 192 शालाओं में काम पूरा हो गया है। शौचालय को लेकर मिली जानकारी अनुसार अतिआवश्यक मद से विभाग ने 45 शालाओं में नवीन शौचालय बनवाया है। 63 की मरम्मत की है वही चार भवनों की मरम्मत कराई गई है।

### 716 सरकारी स्कूल परिसरों में गूंजेगी किलकारी

शैक्षणिक सत्रारंभ के साथ जिले के खैरागढ़ ब्लाक के 225 प्राथमिक, 97 पूर्व माध्यमिक, 14 हाई और 23 हायर सेकंडरी स्कूलों सहित छुईखदान ब्लाक के 232 प्राथमिक, 85 पूर्व माध्यमिक, 19 हाई और 21 हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में लगभग डेढ़ महीने के लंबे अवकाश के बाद बच्चों की किलकारी गूंजेगी। शिक्षा विभाग ने सत्रारंभ के साथ ही शालावार स्टाफ को बेहतर गुणवत्तपूर्ण शिक्षा, मध्यांह भोजन, निर्धारित समय पर शाला आने जाने सहित अन्य गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

## विभाग की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए टीम को बधाई दी

# पोषण सुधार की दिशा में ठोस पहल, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में कुपोषण की स्थिति में सुधार लाने और बच्चों के संपूर्ण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में महिला व बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक मे पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई।

पोषण ट्रैकर के सभी मॉड्यूल की कार्यप्रणाली का विश्लेषण किया गया जिसमें विभाग द्वारा किए गए सराहनीय सुधारों को कलेक्टर ने सकारात्मक रूप से रेखांकित किया।

उन्होंने विभाग की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए टीम को बधाई दी। कुपोषण उन्मूलन को लेकर कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों के पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि जिन केंद्रों में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चे बौनेपन से प्रभावित हैं, वहां पर्यवेक्षकों द्वारा विशेष निरीक्षण कर सुधारात्मक कदम उठाया जाएं। वही गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए प्रतिमाह बाल संदर्भ शिविरों का आयोजन कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति की सतत निगरानी करने और पोषण की दिशा में ठोस उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया।



### सुपोषण चौपाल के माध्यम से लाए जनजागरुकता

बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में प्रतिमाह विशेष सुपोषण चौपाल का आयोजन कर पालकों को संतुलित आहार, स्वच्छता और बच्चों की पोषण संबंधी जरूरतों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने पोषण संबंधी व्यवहार को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने निरंतर प्रेरणा और जनसंपर्क को आवश्यक बताते हुए विभाग को निर्देशित किया कि पोषण के क्षेत्र में हर स्तर पर सक्रियता बरती जाए और वास्तविक बदलाव लाने के लिए मॉनीटरिंग, जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत किया जाए। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, खैरागढ़ व छुईखदान के परियोजना अधिकारी, सभी सेक्टर सुपरवाइजर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मंडावी को मिला पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर प्रमोशन



**राजनांदगांव।** छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रकाशन अधिकारी धर्मेन्द्र शाह मंडावी को पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर पदोन्नति दी गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी रायपुर के मुख्य अभियंता कार्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत श्री मंडावी को राजनांदगांव क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यालय में पदस्थ किया गया है। कंपनी में श्री मंडावी के सेवाकाल की शुरूआत वर्ष 2015 से प्रारंभ हुआ। इस दौरान वे रायपुर क्षेत्र, मुख्यमंत्री सचिवालय, अंबिकापुर क्षेत्र में पदस्थ रहे। मोहला-मानपुर के औंधी जैसे सुदूर अंचल से गरीबी और अपर्याप्त संसाधनों के बीच श्री मंडावी ने बीएससी (औद्यो. मातस्यिकी), पत्रकारिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर, फोटो एवं विडियोग्राफी में डिप्लोमा, एमबीए की शिक्षा हासिल की। विद्युत मंडल में प्रतियोगी परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से सहायक प्रकाशन अधिकारी के पद पर वर्ष 2015 में सिलेक्ट हुए थे। इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, अधीक्षण अभियंता कवर्धा वृत्त रंजीत घोष सहित सभी कार्यपालन अभियंताओं ने श्री मंडावी को शुभकामनाएं दी।

### किया स्कूलों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** शासन के निर्देशानुसार जिले के माध्यमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों को तिलक लगाकर एवं पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण तथा मुंह मीठा कराकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशन में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय तथा संकुल स्तर के अधिकारियों की टीम द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के 150 से अधिक स्कूलों का सघन निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा शैक्षणिक कार्य का अवलोकन किया गया तथा बच्चों को शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश का भी वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति एवं बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने शिक्षा विभाग की टीम द्वारा विद्यालयों का नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जाएगा।

# औंधी क्षेत्र के किसानों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

मोहला-मानपुर विधानसभा के औंधी क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने संविधान बचाओ रैली के माध्यम से वर्षों से चली आ रही समस्याओं को उजागर करते राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए इस 9 सूत्रीय ज्ञापन में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व और बुनियादी ढांचे से जुड़ी गंभीर समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि तहसील औंधी के अंतर्गत कुल 10 ग्राम पंचायतें आती हैं, परंतु यहां अब भी प्रशासनिक, चिकित्सा और बुनियादी सेवाओं की घोर कमी है। ग्रामीणों को मामूली कामों के लिए भी दूरदराज मुख्यालय तक भटकना पड़ता है।

### विधायक मंडावी ने दिखाई एकजुटता

रैली के दौरान क्षेत्रीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने मंच पर बैठने के बजाय किसानों के बीच बैठकर एकजुटता का परिचय दिया। अपने भाषण में उन्होंने संविधान को बचाने की जरूरत पर जोर दिया और तोड़के, नैनगुड़ा में निर्माणाधीन पुलिया की घटिया गुणवत्ता पर सवाल उठाए। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर बल देते कहा कि आने वाली पीढ़ी को बेहतर अवसर तभी मिलेंगे, जब मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी।

### राज्यपाल से अपील

ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने राज्यपाल से क्षेत्र की समस्याओं का संज्ञान लेते सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की अपील की है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि इन मांगों को जल्द पूरा किया गया तो औंधी क्षेत्र में विकास की एक नई शुरूआत होगी।



### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

इस रैली और ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक नेताओं की भारी भागीदारी देखी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष निर्मल, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर मिश्रा, कांग्रेस कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति, किसानों और आम नागरिकों को बार-बार मानपुर जाने से राहत दिलाने के लिए औंधी में तहसीलदार की स्थायी पोस्ट की मांग की गई। स्वास्थ्य सुविधा विस्तार, छात्रावास स्वीकृति, जिला सहकारी बैंक शाखा की स्थापना, धान खरीदी केंद्र व समिति भवन निर्माण, राशन और परिवार पहचान कार्ड सुविधा, खाद-बीज उपलब्धता व केसीसी सीमा में वृद्धि, आत्मानंद स्कूल की स्थापना, मनोरंजन हेतु पार्क आदि शामिल है।

## सार समाचार

### छत्तीसगढ़ से 6 निर्णायक कार्यक्रम में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 12से 15 जून तक यूजीटी युनिवर्सिटी गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खो-खो निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन से छत्तीसगढ़ के 6 खो-खो टेक्निकल आफिसियल्स शामिल हुए। जिसमें तरुण शुक्ला, फिरोज रहमान, मोहनलाल ध्रुव, रविप्रकाश लोहसिह, नारदलाल साहू व हरीश साहू शामिल हुए। ये सभी खो-खो निर्णायक आगामी दिनों आयोजित खो-खो के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाते दिखाई देंगे।



### ग्राम स्तर पर गठित होगी आवास सेना

**मोहला।** जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर के निर्देशन में जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी में जल संचयन एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस कार्ययोजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर कंटूर ट्रेंच, तालाब गहरीकरण, तालाब निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, गली प्लग, सैंड फिल्टर, रिचार्ज पिट, मिनी परकोलेशन टैंक जैसे संरचनाओं का निर्माण प्रस्तावित है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण को सशक्त करना एवं भूजल स्तर में सुधार लाना है। इसके साथ ही आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आवास सेना के गठन की योजना बनाई गई है। जिसमें 8 सदस्य शामिल होंगे। यह आवास सेना हितग्राहियों को मिस्त्री और निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने, सोखता निर्माण, एसएचजी संसाधनों के उपयोग, और राशि के सही उपयोग हेतु मार्गदर्शन देने का कार्य करेगी। बैठक में जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंवदा रामटेके सहित जनपद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस समन्वित योजना का उद्देश्य ग्राम विकास के साथ-साथ जल और आवास जैसे मूलभूत क्षेत्रों को सशक्त बनाना है।



### कलारीन सहायता कोष समिति का गठन

**राजनांदगांव।** ग्राम सुकुलदैहान में 15 जून को छत्तीसगढ़ कलार समाज बहादुर कालारीन सहायता कोष समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला राजनांदगांव माता बहादुर कलारीन सहायता कोष समिति का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने समिति को गाइड लाइन दिए। समाज की जरूरतमंद गरीब निर्धन कन्या विवाह योजना व प्रतिभवान मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रोपेसनल कोर्स हेतु प्रोत्साहन राशि समाज द्वारा प्रदान की जाएगी। इस सामाजिक कोष का शिक्षा व स्वास्थ्य व आदर्श विवाह हेतु कार्ययोजना बनाकर व्यय की जाएगी। जिसमें समाज के स्वजातीय बंधुओं से आग्रह है कि इस सामाजिक सहायता कोष में अधिक से अधिक दान देकर पुण्य के भागी बने। माता बहादुर कालारीन सहयता कोष समिति के सदस्यों में पूनाराम सिन्हा संयोजक चिचोला, ओमकुमार सिन्हा सह-संयोजक राजनांदगांव, रेशुलाल सिन्हा सचिव आरगांव, बिसंभर सिन्हा कोषाध्यक्ष सुकुलदैहान, ताराचंद सिन्हा सदस्य मक्काटोला, दयाराम सिन्हा सदस्य डोंगरगढ़, गजेंद्र सिन्हा सदस्य पुररामटोला, कामता प्रसाद सिन्हा सदस्य राजनांदगांव व रज्जु सिन्हा सदस्य छुरिया शामिल हैं। उक्त जानकारी कलार समाज राजनांदगांव के जिला प्रचार मंत्री पवन कुमार सिन्हा ने दी।



### शहीद गिरेपुंजे को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा शहीद आकाश राव गिरेपुंजे (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) को नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व पार्षद गणेश पवार व समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत द्वारा शहीद आकाश राव गिरेपुंजे की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजिक सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रख नम आंखों से नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मंजू बुटले, रमा देशमुख, भारती गवते, शोभा अवचट, नीतू लांबट, संध्या हटवार, साधना घाटोडे, नीता गायधने, रोशनी हटवार, रोहिणी समरीत, पंडित राजेंद्र दुबे, बसंत अवचट, कमल समरीत, भागचंद हटवार, संतोष समरीत, नरेंद्र बुरांडे, अनिल मानकर, सूर्यकांत साकुरे, बसंत समरीत, गजेंद्र लांबट, अरुण घाटोड़े, अशोक सतीमाहुरे, बंटी समरीत, संतोष हटवार, प्रकाश अवचट, महेश साकुरे, राजेश बिसने, राजू देशमुख, राकेश बिसने, अभिषेक देशमुख, अभिषेक गिरेपुंजे, दादू समरीत व अन्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश (पिंटू) समरीत ने दी।



### चक्काजाम आज

**डोंगरगढ़।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा कल 17 जून को डोंगरगढ़ की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था के विरोध में चक्काजाम प्रदर्शन किया जाएगा। प्रातः 11 बजे हाईस्कूल के सामने होने वाले इस प्रदर्शन का नेतृत्व डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल करेंगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता नवाज खान भी उपस्थित रहेंगे।

## नागरिकों की सुविधा के लिए प्रचलित हिंदी शब्दों का किया जाएगा उपयोग

# पुलिस के कामकाज में अब सरल हिंदी ने ली उर्दू और फारसी शब्दों की जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा।




उपमुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं।

### शब्द सूची जारी

अदम तामील-सूचित न होना, इन्द्राज-टंकन, खयानत-हड़पना, गोश्वारा-नक्शा, दीगर-दूसरा, नकबजनी-सेंध, माल मशरूका-लूटी-चोरी गई सम्पत्ति, मुचलका-व्यक्तिगत बंध पत्र, रोजनामचा-सामान्य दैनिकी, शिनाख्त-पहचान, शहादत-साक्ष्य, शुमार-गणना, सजायाफ्ता-दण्ड प्राप्त, सरगना-मुखिया, सुराग-खोज, साजिश-षडयंत्र, अदालत दिवानी-सिविल न्यायालय, फौजदारी अदालत-दांडिक न्यायालय, इकरार नामा-प्रतिज्ञापन, बनाम विक्रय-पत्रक, इस्तिफा-त्याग-पत्र, कत्ल-हत्या, कयास-अनुमान, खसरा-क्षेत्र- पंजी, खतौनी-पंजी, गुजारिश-निवेदन, जब्त-कब्जे में लेना, जमानतदार -प्रतिभूति दाता, जमानत-प्रतिभूति, जरायम-अपराध, जबरन-बलपूर्वक, जरायम पेशा-अपराधजीवी, जायदादे मशरूका-कुर्क हुई सम्पत्ति, दाखिल खारिज-नामांतरण, सूद-ब्याज, हुजूर-श्रीमान/महोदय, हुलिया-शारीरिक लक्षण, हर्जानाक्षति-प्रतिपूर्ति, हलफनामा-शपथ-पत्र, दफा-धारा, फरियादी-शिकायतकर्ता, मुत्तजर्रर-चोट, इत्तिलानामा-सूचना पत्र, कलमबंद करना-न्यायालय के समक्ष कथन, गैरहाजिरी-अनुपस्थिति, चस्पा-चिपकाना, चश्मदीद-प्रत्यक्षदर्शी, जलसाजी-कूटरचना, जिला बदर-निर्वासन, जामतलाशी-वस्त्रों की तलाशी, वारदात-घटना, साकिन-पता, जायतैनाती-नियुक्ति स्थान, हाजा- स्थान-परिसर, मातहत-अधीनस्थ, जेल हिरासत-कब्जे में लेना, फौती-मृत्यु सूचना, इस्तगासा-छावा, मालफड-जुआ का माल मौके पर बरामद होना, अर्दली-हलकारा, किल्लत मुलाजमान-कर्मगण की कमी, तामील कुनन्दा-सूचना करने वाला, इमदाद-मदद, नजूल-राज भूमि, फरार-भागा हुआ, फिसदी-प्रतिशत, फेहरिस्त-सूची, फौत-मृत्यु, बयान-कथन, बेदखली-निष्कासन, मातहत-अधीन, मार्फत-द्वारा, मियाद-अवधी, रकबा-क्षेत्रफल, कास्तकार-कृषक, नाजिर-व्यवस्थापक, अमीन राजस्व -कनिष्ठ अधिकारी, राजीनामा-समझौता पत्र, वारदात-घटना, संगीन-गंम्भीर, विरासत-उत्तराधिकार, वसियत-हस्तांन्तरण लेख, वसूली-उगाही, शिनाख्त-पहचान, सबूत-साक्ष्य-प्रमाण, दस्तावेज-अभिलेख, कयास-अनुमान, सजा-दण्ड, सनद-प्रमाण पत्र, सुलहनामा-समझौता पत्र, अदम चौक-पुलिस असंज्ञेय हस्ताक्षेप, अगोग्य अपराध की सूचना, कैदखाना-बंदीगृह, तफतीश/तहकीकात -अनुसंधान/ जाँच/ विवेचना, आमद/ रवाना/ रवानगी-आगमन, प्रस्थान, कायमी-पंजीयन, तेहरीर-लिखित या लेखीय विवरण, इरादतन-साशय, खारिज/ खारिजी/ रद्द-निरस्त/ निरस्तीकरण, खून आलुदा- रक्त-रंजित/ रक्त से सना हुआ, गवाह/गवाहन- साक्षी/साक्षीगण, गिरफ्तार/हिरासत -अभिरक्षा, तहत -अंतर्गत, जख्त, जख्मी, मजरूब- चोट/ घाव घायल/ हत, दस्तयाब- खोज लेना/बरामत, मौका ए वारदात- घटना स्थल, परवाना- परिपत्र/अधिपत्र, फैसला- निर्णय, हमराह-साथ में।

## आधा दर्जन लोगों ने लिया देहदान का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देहदान सेवा समिति के संयोजक ग्राम रातापायली निवासी पुनारद दास के सानिध्य में इनकी छोटी बहन श्रीमती सुखमाबाई धर्मपत्नी स्व.बहुर दास साहू निवासी कोटराभांठा, भाई बहू श्रीमती सरस्वती साहू धर्मपत्नी स्व. अजीत कुमार साहू ग्राम आरला, देहदानी स्व. हरिशंकर गंजीर की धर्मपत्नी एवं टेकेश्वर गंजीर निवासी खुर्सीपार की मां श्रीमती सोनकुंवर गंजीर, दयालदास साहू निवासी पांगरीकला, लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार मंच संचालक रंगकर्मी शिक्षा विद डॉ. गजेन्द्र हरिहारनो डोंगरगांव तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता हरिहारनों डोंगरगांव द्वारा मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में देहदान पत्रक जमा किया गया।

## जय भवानी व्यायाम शाला में 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जय भवानी व्यायाम शाला में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह व्यायाम शाला में किया गया। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी व अध्यक्षता जय भवानी व्यायाम शाला के सचिव शेख वसीम ने की। विशिष्ट अतिथि विवेक रंजन सोनी व अजय श्रीवास्तव शामिल थे।



शिविर के संबंध में जय भवानी व्यायाम शाला के संचालक अमित आजमानी ने बताया कि शिविर में क्षेत्रीय बच्चों को खिलाड़ी बनाने के उद्देश्य से व्यायाम शाला में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर 01 मई से 13 जून तक व्यायाम शाला में संपन्न हुआ। आजमानी ने बताया कि शिविर का आयोजन स्थानीय खेल युवक कल्याण विभाग व जय भवानी व्यायाम शाला के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर में राजनांदगांव के बालक एवं बालिका भारोत्तोलन के खिलाड़ी बनने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राजनांदगांव के स्थानीय लगभग 40 बालक-बालिकाएं बच्चों को शिविर में प्रशिक्षित किया गया। शिविर का आयोजन लगातार 2003 से जारी है। शिविर के समापन समारोह में बच्चों ने 30 दिनों में जो गुण सीखे थे, उसे प्रदर्शन कर अतिथियों का मन मोह लिया।

प्रदर्शन करने वाले व प्रशिक्षण प्राप्त किए बच्चों को खेल विभाग द्वारा प्रमाण पत्र, खेल सामाग्री व व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा टी-शर्ट दिया गया। शिविर के समापन समारोह में प्रदर्शन करने वालों में चिराग यादव, वंदना यादव, अथर्व पात्रे, वेद वाजपई, वंश साहू, चंचल साहू, प्रणेश धनकर, रोशनी वाघेला, सुचित्रा कौशिक, चिराग सेन, एकाक्ष सेन, ऋषि सेन, अंकित श्रीवास, गोदावरी यादव, निलिमा साहू, भूमि यादव, प्रिया यादव, सुभम वाघेला, वीर ठाकुर, पीयुष यादव, लक्की सोनकर, वीरेन्द्र यादव, मो. कौसेन, प्रीतम देवांगन शामिल हैं। उक्त जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

## हटाए गए डोंगरगढ़ एसडीएम और तहसीलदार

- डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को डोंगरगढ़ के एसडीएम का दिया गया दायित्व

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ राजस्व महकमे की लगातार शिकायतें सामने आने के बाद कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने एसडीएम मनोज कुमार मरकाम और तहसीलदार मुकेश ठाकुर का तबादला कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई माह से डोंगरगढ़ में सरकारी जमीनों की बिक्री से लेकर राजस्व मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरतने की शिकायतें सामने आ रही थी। भाजपा नेताओं ने भी इस आशय की शिकायत कलेक्टर से की थी। बताया जाता है कि कलेक्टर डॉ. भुरे ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दंडाधिकारी डोंगरगढ़ मनोज कुमार मरकाम को जिला कार्यालय राजनांदगांव में डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी के प्रभार के कार्यों का संपादन करने आदेशित किया है। साथ ही डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दंडाधिकारी डोंगरगढ़ के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है। वहीं तहसीलदार तहसील कार्यालय घुमका नीलकंठ जनबंधु को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ मुकेश कुमार ठाकुर को तहसील कार्यालय घुमका, तहसीलदार तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर सोनित मेरिया को अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसीलदार अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ कमलकिशोर साहू को तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव अब्दुल वसीम सिद्दीकी को तहसील कार्यालय छुरिया में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है।

### शोकाकुल परिवार को विधानसभा अध्यक्ष रमन ने बंधाया ढांढस

**राजनांदगांव।** श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा के भतीजे शिवनारायण मिश्रा शिवम की दुर्घटना में हुए निधन के कारण आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे योगेशदत्त मिश्रा के ब्राह्मणपारा स्थित निवास पहुंचे, जहां उन्होंने मिश्रा परिवार को दुख की इस घड़ी में ढांढ़स बंधाया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, गोलू गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सुमित भाटिया, योगेशदत्त मिश्रा, वीरेंद्रदत्त मिश्रा, नागेंद्रदत्त मिश्रा, सत्यम मिश्रा, मोनू मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा सहित पूरा परिवार उपस्थित था।



## तरूणा ने दी पंडवानी की प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** समस्त कबीर पंथी समाज चिखली वार्ड 5, 6 एवं 10 राजनांदगांव में सद्गुरु कबीर प्राकटय महोत्सव का आयोजन हुआ। श्री सदगुरु कबीर साहेब के तैलचित्र में पुष्पमाला पहनाकर सदगुरु कबीर साहेब की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति द्वारा संत विजय साहेब, जितेंद्र साहेब, भूषण साहेब, नियम साहेब, तरुण साहेब, शिव साहेब एवं उपस्थित वरिष्ठजनों का सम्मान पुष्पमाला पहनाकर चरण बंदगी की। संतों ने सद्गुरु कबीर साहेब के वाणी को अपने-अपने विचार से सदगुरु कबीर साहेब के जीवन चरित्र को बताया।

कबीर प्राकटय महोत्सव में इंस्पेक्टर व पंडवानी गायिका तरुणा साहू समेत पार्षदद्वय श्रुति जैन, सुनील साहू, शिव वर्मा शामिल हुए। अतिथियों ने सदगुरु कबीर साहेब के श्री चरणों में पुष्पगुच्छ भेंट किया। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का बैच लगाकर, गुलदस्ता भेंट कर प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। तरुणा साहू ने पंडवानी की प्रस्तुति दी। पार्षद शिव वर्मा व श्रुति जैन ने भी संबोधित किया।



## शोभायात्रा में दिखा धरती पर स्वर्ग का नजारा

**राजनांदगांव।** शहर के लालबाग सिंधु भवन हेमू कालाणी नगर में पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय झूलेलाल अमर कथा के आयोजन के बाद चौथे दिन पूर्णाहुति के रूप में पूर्व नियोजित कार्यक्रम 300 बहराणा साहेब (ज्योति प्रज्जवलित) कराई गई।

इसके अंतर्गत 300 भक्तों को स्टील के थाल में सजाकर दिया गया। जिसमें गेहूं के आटे से तैयार किया गया एक मोदक स्वरूप, जिसमें गुड़ और घी मछलियों के लिए भोजन गेहूं के आटे से ही तैयार किया गया। पांच फल एक माला इस प्रकार एक साथ मंत्रोचार द्वारा सभी भक्तों से जोत प्रज्वलित कराई गई एवं जोत प्रज्जवलित करने के बाद महाआरती की गई। पल्लव साहब अर्पित किया गया अर्थात भगवान श्री झूलेलाल से सामूहिक प्रार्थना कराई गई, ताकि सभी सिंधियों के घर में खुशहाली रहे एवं कष्ट दूर हो। इस प्रकार जब थाल को सिर में रखकर एक साथ 300 भक्त माता मंदिर लालबाग से निकलकर भ्रमण करते झूलेलाल घाट के लिए प्रस्थान किया। झूलेलाल घाट में जल देवता वरुण देव की महाआरती भक्तों ने मिलकर की। भक्तों से प्रज्वलित ज्योति विसर्जित की गई। सभी कार्यक्रम संत शिरोमणि सांई लाल दास जी के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर मन्नूमल मोटवानी, आवतरात तेजवानी, गुरूमुख दास वाधवा, राजा माखीजा, भीमन धनवानी, दौलतराम चंदानी, हुंदलरात मनकानी, अशोक पंजवानी, हरीश मोटवानी, जयपाल मंगवानी, सुनील लेखवानी, चंदन रूचंदानी, संदीप सहेबानी, मुरली पंजवानी, कमल गंगवानी, कौशल शर्मा, पवन जेठानी, रोहित माखीजा, गौरव आहूजा, अखिल अंदानी, कन्हैया तलरेजा, अमित गिडवानी, सूरज पंजवानी, जय पंजवानी, तरूण आहूजा, राम रूचंदानी, विनय दरयानी आदि उपस्थित रहे।





**अनदेखी:** गौ तस्करों पर अंकुश लगाने में शासन-प्रशासन असफल : तुकाराम चन्द्रवंशी

# गौ रक्षकों की मदद से तस्करों के कब्जे से छुड़ाए गए 96 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज के बगैर, अवैध रूप से मवेशियों को कबीरधाम जिले से दूसरे राज्यों में ले जाने का गोरखधंधा शासन-प्रशासन की नाक के नीचे बदस्तूर जारी है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रायः हर रोज जिले की सड़कों से सरेराह दर्जनो की संख्या में मवेशियों को हकालते हुए और क्रूरता पूर्वक मारते पीटते विभिन्न थाना क्षेत्रों को पार कर ले जाया जा रहा है लेकिन किसी भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस को इन लोगों से ये पूछने की फुर्सत नहीं है कि आखिर वे मवेशियों को कहां से खरीदकर ला रहे हैं और कहां ले जा रहे हैं, उनके पास मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज हैं या नहीं? इनमें से कुछ मवेशियों की खुश किस्मती ही कहें कि उन पर जिले में सक्रिय गौरक्षकों और कुछ पशु प्रेमियों की नजर पड़ जाती है और वे इन गौ तस्करों के नपाक करतूतों से बच जाते हैं। ताजा मामला जिला मुख्यालय कवर्धा से महज 8 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे 30 में स्थित ग्राम बीजाझोरी (हरिनछपरा) के पास का है। जहां से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी और गौरक्षा प्रमुख प्रांजल तिवारी ने 11 लोगों को, 96 गौवंश तथा बछड़ों के साथ पकड़ा है और इसकी जानकारी जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दी है। इस संबंध में तुकाराम चन्द्रवंशी और प्रांजल तिवारी ने बताया कि सोमवार को भरी दोपहरी चिलचिलाती धूप में करीब 11 लोग 96 गौवंश और बछड़ों को हंकालते हुए नेशनल हाईवे 30 से होते हुए ले जा रहे थे। उन्होने बताया कि ग्राम बीजाझोरी (हरिनछपरा) के पास उनकी नजर इन लोगों तथा गौवंश तथा बछड़ों पर पड़ गई। गौ तस्करी की शंका के आधार पर जब उन्होने मवेशियों को ले जा रहे लोंगो से मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज व अन्य जानकारी मांगी गई तो वे कोई भी दस्तावेज अथवा संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके बाद उन्होने मामले की सूचना कलेक्टर, एसडीएम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को फोन पर दी गई, लेकिन 2 घंटे बीतने के बावजूद कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। इससे स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई और प्रशासन की सक्रियता पर सवाल उठाए। उन्होने बताया कि प्रशासनिक लेटलतीफी को देखते हुए उन्होने ग्रामीणों व गौरक्षकों की मदद से सभी गौवंश को हरिनछपरा के एक निजी फैक्ट्री परिसर में सुरक्षित रखवाया और पकड़े गए गौ तस्करों को भी वहीं बैठाया। लगातार संपर्क के बाद जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो उन्होने कार्यवाही की मांग के साथ सभी मवेशियों और उन्हें ले जाने वालों को पुलिस के हवाले कर दिया। अब पुलिस इनके खिलाफ क्या कार्यवाही कर रही है इसकी जानकारी फिलहाल पुलिस प्रशासन ने नहीं दी है।



### नेवारी से खरीदे गए थे मवेशी

पकड़े गए लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होने 96 मवेशियों को ग्राम नेवारी से खरीदा है और इन सभी मवेशियों को खरीदकर वे मध्यप्रदेश ले जा रहे हैं। बताया जाता है कि पकड़े गए लोगों के पास ग्राम पंचायत नेवारी की एक अनुमति रसीद भी मिली है। लेकिन यह रसीद वास्तव में सही है या नहीं यह भी जांच का विषय है। क्योंकि हाल के दिनो में यह बात खुलकर सामने आई है कि मवेशी तस्कर अब अपने बचाव के लिए नगर पालिका तथा ग्राम पंचायतों की फर्जी रसीद का भी उपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा सवाल यह भी खड़े हो रहे हैं कि जब नगर पालिका कवर्धा तथा कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा मवेशियों की खरीदी बिक्री के लिए बकायदा मवेशी बाजार संचालित किया जा रहा है, जिसके जरिए विभिन्न वैधानिक प्रक्रियाओं के तहत मवेशियों की खरीदी बिक्री का प्रावधान है तो फिर कोई भी इस तरह अवैध ढंग से और वह भी इतनी बड़ी संख्या में किसी से भी मवेशियों की खरीदी-बिक्री कैसे कर सकता है? निश्चित रूप से यह एक गंभीर विषय है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### तीन माह पूर्व कवर्धा कोतवाली में की गई थी फर्जी मवेशी रसीद की शिकायत, कार्यवाही शून्यः तुकाराम

तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि उन्होने मवेशी तस्करों द्वारा कवर्धा नगर पालिका सहित जिले की ग्राम पंचायतों के नाम की फर्जी मवेशी खरीदी-बिक्री रसीद का उपयोग कर गौ तस्करी करने के मामले की लिखित शिकायत प्रमाण सहित गत 3 मार्च 2025 को कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई थी। लेकिन आज पर्यंत पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच नहीं की गई। यहां तक कि नगर पालिका प्रशासन के सफेदपोशों को भी इस मामले की जानकारी नहीं है कि उनकी संस्थान की फर्जी रसीद का उपयोग मवेशी तस्करी के लिए किया जा रहा है।

# भुवालपुर के ग्रामीणों को पेयजल के लिए नापनी पड़ रही एक किलो मीटर की दूरी



- वार्ड का हैण्ड पंप लम्बे अर्से से खराब, शिकायत के बाद भी नहीं किया जा रहा सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भुवालपुर के वार्ड क्रमांक 5 के बासिंदे इन दिनो पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन वार्डवासियों को पेयजल की व्यवस्था करने के लिए करीब एक किलो मीटर की दूरी नापनी पड़ रही है तब कहीं जाकर इनके प्यासे कंठ तर हो पा रहे हैं। ऐसे में शासन की हर घर नलजल योजना बेईमानी सबित होते दिखाई दे रही है। इस संबंध में वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक पांच में वार्डवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने उपलब्ध हैण्ड पंप बीते कई दिनो से बिगड़ा पड़ा है। जिसके संबंध में वार्डवासियों ने ग्राम पंचायत को और ग्राम पंचायत ने संबंधित विभाग सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी इसकी सूचना दे दी है। लेकिन आज पर्यंत बिगड़े हैण्ड पंप को बनाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके चलते वार्ड की महिलाओं को अपने और अपने परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के लिए करीब 1 किलो मीटर दूर दूसरे वार्ड जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां भी भारी भीड़ होने के कारण वार्डवासियों को बमुस्किल ही पानी मिल पाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि अभी तो सूखे के दिन में महिलाएं जैसे तैसे एक किलो मीटर दूर से भी पेयजल की व्यवस्था कर रही है लेकिन आने वाले वर्षाकाल में यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। जिसे देखते हुए उन्होने प्रशासन, संबंधित विभाग तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से वार्ड क्रमांक 5 में पेयजल की उचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### नए शिक्षा सत्र के पहले दिन पौधारोपण

**कुण्डा।** नए शिक्षा सत्र 2025 की शुरुवात सोमवार को हुई। जिसके तहत अनेक विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी क्रम में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस सोमवार को कुण्डा मिडिल स्कूल में छठवीं कक्षा के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया साथ ही कुण्डा में स्थित बिजली ऑफिस में कदम्ब के दो पौधे रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा सभी लोगों से पौधारोपण करने की अपील की गई। इस दौरान कुण्डा के सरपंच हरेन्द्र कुमार चंद्राकर, प्रधान पाठक मोहन सिंह राजपूत, व्याख्याता सुनील तिवारी, शिक्षक सालिक राम यादव, कलीराम चन्द्राकर, हंसलता धिरही, राजेश सोनी, जेई सत्यम मरावी, रवि साहू, गोपाल वैष्णव, लवकुश साहू पंच, बंटी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### निर्माण श्रमिक व उनके परिवारों के लिए राशि जारी

**कवर्धा।** प्रदेश के निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए राहत की बड़ी घोषणा हुई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने 36 हजार 666 श्रमिकों के लिए 18.89 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। यह राशि हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।

# जिला अस्पताल में टीकाकरण के बाद नवजात की मौत का आरोप

## परिजनों ने कहा, लारवाही के चलते गई जान



- नवजात के परिजनो ने की जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हमेशा सुर्खियां बटोरने वाले जिला चिकित्सालय कवर्धा से सोमवार को एक चौकाने वाला मामला सामने आया है।

आरोप है कि यहां पंडरिया से प्रसव के लिए लाई गई एक महिला के नवजात शिशु की टीकाकरण के कुछ देरबाद ही मौत हो गई। जिसके बाद पूरे अस्पताल महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि पीड़ित परिजनो के आरोपों पर अस्पताल प्रशासन फिलहाल कोई संतोषजनक जवाब देने की बजाए मामले की जांच कराए जाने की बात कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को सोना निर्मलकर नाम की महिला को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया था। परिजनो के मुताबिक प्रसुता ने यहां गत शनिवार को एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया था। बच्चा अपनी मां की गोद में पूरी तरह से स्वस्थ्य था और सामान्य व्यवहार कर रहा था। इसी दौरान सोमवार को उसका रूटीन टीकाकरण किया गया लेकिन टीकाकरण के कुछ देर बाद ही बच्चे की तबियत बिगड़ गई और उचित उपचार के आभाव में उसकी मौत हो गई। परिजनो ने बताया कि बच्चे की मौत के बाद जब उन्होने अस्पताल प्रशासन के चिकित्सकों तथा स्टाप से सवाल जवाब किया तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और मामले की जांच कराए जाने की बात कहने लगे। परिजनो ने बताया कि प्रसुता सोना निर्मलकर की यह पहली संतान थी और बच्चे के जन्म लेने से बच्चे की मांग और परिजन काफी उत्साहित तथा खुश थे लेकिन जिला चिकित्सालय प्रशासन की लापरवाही के चलते नवजात बच्चे की मौत हो गई। पीड़ित परिवार अब इस पूरे मामले की शिकायत जिला कलेक्टर से करने की तैयारी में है।

### पीड़ित परिवार ने मचाया हंगामा

बताया जाता है कि जिला अस्पताल में रूटीन टीकाकरण के बाद नवजात की मौत होने के जानकारी सामने आते ही परिजनो ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनो का आरोप है कि शनिवार को ऑपरेशन के जरिए नवजात का जन्म हुआ था। जिसे अस्पताल प्रशासन को विशेष निगरानी में रखना था। लेकिन अस्पताल प्रशासन ने घोरलापरवाही बरती जिसके कारण रूटीन टीकाकरण के बाद बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई और समय पर उपचार न मिलने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने जिला अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# हाई स्कूल छिरहा हुआ हाईटेक, सत्रारम्भ के पहले दिन डिजिटल बोर्ड से शिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत आने वाला शासकीय हाई स्कूल छिरहा अब पूरी तरह से हाईटेक हो गया है। नए शिक्षा सत्र के पहले ही दिन से विद्यालय में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई शुरू कर दी गई है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिल रहा है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस पहल से स्कूल के छात्रों को इंटरनेट सहित कई आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे उनकी शिक्षा का स्तर और भी बेहतर होगा। डिजिटल बोर्ड के जरिए जटिल अवधारणाओं को आसानी से समझाया जा सकेगा और छात्र-छात्राएँ नवीनतम जानकारियों से अपडेटेड रहेंगे। यह कदम छिरहा के विद्यार्थियों के लिए एक उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा। नए सत्र के पहले दिन स्कूल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिगत छत्तीसगढ़ शासन ने वर्षा ऋतु के दौरान 16 जून से 15 अगस्त तक सभी प्रमुख जलाशयों में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

यह निर्णय छत्तीसगढ़ नवीन मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3, उपधारा 2 के तहत लिया गया है। इस दौरान "बंद ऋतु (क्लोज सीजन)" घोषित की गई अवधि में सभी प्रकार के जल संसाधनों में मछली पकड़ना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। हालांकि, यह प्रतिबंध छोटे तालाबों या अन्य जल स्त्रोतों, जिनका नदी-नालों से कोई संबंध नहीं है, तथा जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर पर लागू नहीं होगा। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक रामधन सिंह ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रतिबंध का उल्लंघन करता है, तो उस पर छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3(5) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसमें दोषी पाए जाने पर एक वर्ष तक का कारावास, 10,000 तक का जुर्माना अथवा दोनों सजाएं एक साथ हो सकती हैं। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे मत्स्य संरक्षण के इस प्रयास में सहयोग करें और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सौंपा अनुकंपा नियुक्ति पत्र



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सर्किट हाउस कवर्धा में स्वर्गीय पुरुषोत्तम कुमार धुर्वे की पत्नी श्रीमती परमेश्वरी धुर्वे को सहायक ग्रेड-03 के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शासन पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनशील है और यह नियुक्ति इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने श्रीमती धुर्वे को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे ईमानदारी और निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि स्व. पुरुषोत्तम कुमार धुर्वे, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में सहायक ग्रेड-02 के पद पर पदस्थ थे। उनका गत 3 मई 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था। इसके पश्चात जनपद पंचायत कवर्धा द्वारा शीघ्र कार्रवाई करते हुए उनकी पत्नी श्रीमती परमेश्वरी धुर्वे को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई।

**कार्रवाई, जांच, मांगों को लेकर पत्रकारों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**

# उत्तम चंद्रवंशी को मिले नोटिस पर मीडिया ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के पत्रकार उत्तम चंद्रवंशी को पुलिस द्वारा भेजे गए नोटिस के खिलाफ आज कवर्धा रेस्ट हाउस में जिले के प्रमुख पत्रकारों की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इस कार्रवाई की निंदा की गई और एक प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिले भर से आए पत्रकारों ने कलेक्टर कार्यालय के समक्ष जोरदार नारेबाजी की और पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पत्रकारों ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों की शुद्धता, मापतौल, सुविधाएं और ब्रांडिंग की जांच करने की भी मांग की है। इससे पूर्व बैठक में मौजूद पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि ये पूरा मामला प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है और इसका कड़ा विरोध जरूरी है। सभी पत्रकार संगठनों से इस मामले में एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की गई है।

### दोषियों को क्लीन चिट और जनहित में खबर दिखाने वाले पत्रकार को थमाया गया नोटिस

पत्रकार उत्तम चंद्रवंशी ने कुछ दिन पहले बिलासपुर रोड स्थित जी श्याम फ्यूल पेट्रोल पंप पर एक स्टिंग ऑपरेशन किया था। इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि ग्राहकों को एक लीटर पेट्रोल की जगह कम मात्रा दी जा रही है। मौके पर मापने के लिए रखा गया जार भी वीडियो में दिखाया गया, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ। इस खुलासे के बाद नापतौल विभाग ने जांच तो की, लेकिन पेट्रोल पंप संचालक को क्लीन चिट दे दी। इसके बाद पेट्रोल पंप संचालकों ने एसपी कार्यालय में पत्रकार और अन्य मीडिया संस्थानों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कई झूठे आरोप भी लगाए गए। इस पर पुलिस ने पत्रकार उत्तम चंद्रवंशी को पूछताछ के लिए नोटिस भेज दिया, जिससे न केवल कवर्धा बल्कि पूरे प्रदेश में पत्रकार समाज में रोष व्याप्त है।

### पत्रकारों ने रखी प्रशासन के समक्ष अपनी मांग

पत्रकारों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मुख्य रूप से पत्रकारों के खिलाफ झूठी शिकायतें वापस लिए जाने, संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ फिर से निष्पक्ष जांच व कार्यवाही किए जाने, जिले के सभी पेट्रोल पंपों की मशीन, मापदंड और ग्राहक सुविधा की जांच किए जाने, पत्रकारों को डराने-धमकाने की कोशिशों पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# गांवों के नाम परिवर्तन पर ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले के ग्राम गदहाभाटा का नाम सोनपुर होने के ऐतिहासिक फैसले से ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। गांव के नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कवर्धा स्थित सर्किट हाउस में सौजन्य भेंट कर इस निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। गांव के जनप्रतिनिधि, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिनिधिमंडल के रूप में पहुंचे। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि विष्णुदेव साय सरकार ग्रामीण विकास के साथ-साथ सामाजिक गरिमा और सांस्कृतिक पहचान को भी प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के नाम स्थानीय जनभावनाओं से जुड़े होने चाहिए। सोनपुर नाम परिवर्तन एक सकारात्मक कदम है, जो ग्रामवासियों के आत्मसम्मान को बढ़ाता है। इस अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्राम गदहाभाटा नाम वर्षों से ग्रामीणों की भावनाओं से मेल नहीं खा रहा था और लंबे समय से गांव का नाम बदलने की मांग की जा रही थी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से आज ग्राम का नाम सोनपुर स्वीकृत हो चुका है। ग्राम सोनपुर (पूर्व गदहाभाटा) के निवासियों में इस नाम परिवर्तन को लेकर भारी उत्साह देखा गया। लोग इसे अपने गांव के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत मान रहे हैं।

**सौगात: ग्राम विकास को मिली रफ्तार, 1 करोड़ की लागत से होंगे 15 निर्माण कार्य**

# उपमुख्यमंत्री की अनुशंसा पर स्वीकृत विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करने की दिशा में उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा



विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया गया। जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में लगभग 01 करोड़ रुपए की लागत से 15 विकास कार्यो की नींव रखी गई है। इन कार्यो में मंगल भवन, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण जैसे आवश्यक सार्वजनिक कार्य शामिल हैं, जो ग्रामीण जीवन को सुविधाजनक और सुदृढ़ बनाएंगे। भूमिपूजन कार्यक्रमों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की गई और जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति ने इसे एक जन उत्सव का रूप दे दिया। इससे पहले भी विजय शर्मा के नेतृत्व में करोड़ों रुपए के विकास कार्यो की आधार-शिला रखी जा चुकी है, जिनका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। जनप्रतिनिधि, शासन और प्रशासन द्वारा कार्यो की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके।

कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बटुरा-कछार में 10 लाख रूपए की लागत से मंगल भवन, 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम बीजाझोरी में 10 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड, ग्राम छिरहा में 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड, ग्राम घुघरी में 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन, 03 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम खुंटू में 4 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड, ग्राम मड़मड़ा में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम भलपहरी में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम छांटा में 34 लाख रूपए की लागत से 03 कार्य 04 सामुदायिक भवन लागत (6.50-6.50 लाख रूपए), 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य और 03 लाख 50 हजार रूपए की लागत से मरम्मत कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का कहना है कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र अब विकास के नए आयाम छू रहा है। शासन की योजनाएं अब जमीन पर उतर रही हैं और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।

**विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही**



जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं ताकि कार्यो में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, कवर्धा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, रूपसिंह धुर्वे, बरसाती लाल वर्मा, वीरसिंह पटेल, रोहित नाथ योगी, गोकुल चंद्रवंशी, रमेश मेरावी, नरेश साहू, आत्मादास मानिकपुरी, श्रीमती चंपा राजकुमार जांगड़े, हरिचंद पटेल, रामकुमार पटेल, धनसाय, डॉ दानीराम चंद्रवंशी, रामलाल साहू, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, सहदेव रात्रे, रामसिंग ठाकुर, प्रताप चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, जनपद सदस्य, सरपंच, पंचायत सचिव, गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिस पर स्थानीय जनता ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पहल पर क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यो की शुरुआत हो रही है, जिससे आमजन को सुविधाएं प्राप्त होंगी और जीवन स्तर में सुधार आएगा।

## पीएम श्री सेजेस पोंड़ी में शाला प्रवेशोत्सव मना



■ चंदन-टिका व मुंह मिठा कराकर नए प्रवेशी बच्चों का किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंड़ी

जिले भर के स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गया है। वहीं 16 जून सोमवार को स्कूल खुलने के पहले ही दिन पीएम श्री सेजेस पोंड़ी में शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में नए शिक्षा सत्र में नए स्कूली बच्चों का चंदन-टिका लगाकर मिठाई खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि मनीराम साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमित वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू, सरपंच संघ बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, प्राचार्य एनके चंद्रवंशी उपस्थित थे। जिन्होंने सर्व प्रथम मां सरस्वती के तैलचित्र पर विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुरूआत नए स्कूली बच्चों को शाला में नव-प्रवेश करने पर पुष्प-वर्षा कर मिठाई खिलाकर बधाई दी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते पढ़ाई के महत्व की जानकारी दिया और बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उप-प्राचार्य बी पात्रे, लहरें सर, राकेश साहू, प्रमोद वर्मा, राकेश शील, स्वाति खटकर, वंदना लहरें, शिवांगी साहू, टुम्मन कोसले, कोठारी सर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा में नये उद्योगों का नव-निर्माण से ग्रामीणों को मिल रहा स्वरोजगार



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र ग्राम हरिनछपरा में जहां नई-नई उद्योग का नव-निर्माण होने से नई-नई उद्योग से ग्रामीण क्षेत्रवासियों को औद्योगिक ग्राम हरिनछपरा में रोजगार के द्वार खुलने से क्षेत्रवासियों को स्वरोजगार उपलब्ध हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि औद्योगिक ग्राम हरिनछपरा में नई-नई उद्योग जैसे कच्चा माल को पक्का बनाने के लिए उद्योग का निर्माण किया जाता है, जिसमें अधिक संख्याओं में मजदूरों को रोजगार मिल रहा है और आसपास के मजदूरों को रोजी-रोटी मिलने से ग्रामीण मजदूरों को गांव छोड़कर शहर की ओर पलायन नही करना पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्र में नई उद्योग के अलावा गांव-गांव ब्रिक्स ईटों का उद्योग खुलने से मजदूरों को काम भी मिल रहा है, हरिनछपरा में पेट्रोलियम गैस निर्माण, ढोल पाइप निर्माण, पानी पाउच निर्माण, दोना-पत्तल निर्माण, रासायनिक खाद्य निर्माण, टायर निर्माण, मसाला निर्माण कार्य संचालित होने से मजदूरों को गांव में स्वरोजगार मिलने लगे है। जिस पर ग्राम सारंगपुर खुर्द के मजदूर आकाश धुर्वे, गज्जू धुर्वे, नरेंद्र धुर्वे, दुर्गेश धुर्वे ने बताया कि अब क्षेत्र में उद्योग धंधे खुल जाने से मजदूरों को 300 रूपए प्रतिदिन रोजी-रोटी मिल रहा है, अब गांव छोड़कर शहर की ओर पलायन से बड़ी राहत व उत्साह है।

## वार्ड 11 व 12 में पेयजल के लिए बोर खनन पर मोटर पंप लगाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

नगर पालिका पंडरिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं 11 व 12 के वार्डवासियों को भारी पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वहीं समस्या को देखते हुए वार्ड क्रं 11 व 12 जमात मंदिर के पास शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु बोर खनन किया गया, लेकिन नगर पालिका द्वारा बोर खनन पर मोटर पंप वार्डवासियों द्वारा पेयजल व्यवस्था का निर्णय लिया गया था। जिसमे जमात मंदिर भूमि-स्वामी की भूमि पर बिना अनुमति के बोर खनन कर साथ ही मोटर पंप स्थापित किए जाने की एक आपत्ति प्रस्तुत किया है। जिसके कारण नगर पालिका द्वारा बोर पर पंप नही लगया जा रहा है। जिस पर 11-12 के वार्डवासियों ने बोर खनन पंडरिया शासकीय भूमि ख.नं. 700/1 रकबा 0.2060 हैक्टेयर पर खनन हुआ है जो वर्तमान में घास भूमि मद् मे दर्ज है। जिसे हल्का पटवारी द्वारा बोर खनन स्थल को नक्शा में लाल स्याही से अंकित का स्पष्ट किया गया है। वार्ड क्रं 11-12 के मध्य खनन बोरवेल मे मोटर पंप स्थापित कर मोहल्ले वासियों मे पानी की किल्लत का समाधान दूर कर पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किए जाने अपील की गई वही वार्डवासियो ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मोटर पंप स्थापित करने की मांग की गई। इस दौरान वार्ड क्रं 11 व 12 के मोहल्लेवासी गण उपस्थित थें।

## सोसायटियों में डीएपी खाद नही मिलने से किसान परेशान: मनीष

■ डीएपी खाद के लिए किसान सोसायटी के चक्कर लगाने मजूबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

पंडरिया ब्लॉक के अधिकांश सोसायटियों केन्द्रो में किसानों को



डीएपी खाद नही मिलने से ग्रामीण किसानों की समस्या बढ़ती जा रही है। जिस पर कांग्रेस नेता मनीष शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में 17740 बोरी डीएपी सोसायटियो में पहुंच पाया था और इस वर्ष 2025 में मात्र 1320 बोरी के लगभग डीएपी खाद सोसायटियों में पहुंच पाया है।

उन्होने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में अगर देखा जाए तो 16420 बोरी की आवश्यता है, लेकिन सरकार व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर मनीष शर्मा ने कहा कि मानसून सक्रिय होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण किसान खेती-किसानी बोआई कार्य में जुट चुके है। श्री शर्मा ने बताया कि अब क्षेत्र के किसान अपनी खेती-किसानी कार्य में ध्यान दे या फिर डीएपी खाद के लिए सोसायटियों कि चक्कर लगाएं। सोसायटियों में डीएपी खाद नही मिलने से क्षेत्र के किसान मजबूरन बाजार से अधिक मूल्यों में नगद डीएपी खाद लेने को मजबूर है। जिससे ग्रामीण किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

जिस पर कांग्रेस नेता मनीष शर्मा ने शासन प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द पंडरिया ब्लॉक के सोसायटियों में 16420 बोरी डीएपी खाद की आपूर्ति सभी सोसायटियों में किया जाए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को राहत मिल सके।

## गोंड़वाना गोंड़ महासभा की बैठक में कई निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला गोंड समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित गोंड़वाना गोंड़ महासभा का आयोजन राजा योगेश्वर राज सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। गत दिनों रविवार को पीजी कॉलेज डोम कवर्धा में जिला गोंड़ समाज सेवा समिति पंजीयन कमांक 21752 के बैनर तले विशाल गोंड़वाना गोंड़ महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव गोंड़वाना गोंड़ महासभा तिरू अरूण नेताम, छग गोंड़वाना गोंड़ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद नागवंशी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहन लाल कोमरे, प्रदेश सचिव जयपाल ठाकुर, गजराज टेकाम प्रदेश सह सचिव एवं अध्यक्षता राजा योगेश्वर राज सिंह जिलाध्यक्ष जिला गोंड़ समाज सेवा समिति, जिला कार्यकारी अध्यक्ष चैतराम राज, मुखीराम मरकाम, सिद्धराम मरावी आदि के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रेस विज्ञप्ति जारी



करते हुए डॉ संतोष धुर्वे जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि महासभा में जिले में निवासरत हजारों की संख्या में जिला के गोंड़ समाज के साथ-साथ आसपास के जिले से सगा-समाज उपस्थित थे। महासभा सुबह 11 बजे फड़ापेन गोगो सतरंगी ध्वज पूजन से प्रारंभ हुआ। महासभा में पंच परमेश्वर के रूप में समाज के मुखिया को मंच पर आमंत्रित किया गया। महासचिव हेमंत ठाकुर द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ प्रतिवेदन पठन किया गया। सभा में सभी आवश्यक विषयों पर चर्चा किया जाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें गोंड़ी भाषा को संविधान के 8वीं अनुसूची में शामिल करने, राष्ट्रीय जनगणना में आदिवासियों को पृथक धर्म आदिवासी कॉलम लिखे जाने धर्मांतरण पर रोक, विगत तीन वर्षो के आय-व्यय को पुनः महासभा में पारदर्शिता पूर्वक रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से महासभा में अनुमोदन किया। महासभा ने निर्णय लिया कि गोंड़ समाज को आय-व्यय में गबन के नाम पर बदनाम करने, भ्रामक प्रचार करने, मिथ्या आरोप लगाने वाले उपद्रवी के विरूद्ध कड़ी सामाजिक कार्यवाही करने प्रस्ताव पारित किया गया। जिलाध्यक्ष राजा योगेश्वर राज सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में समाज में कुछ दिनो से विघ्नसंतोषी, समाज को बाटने वाले स्वार्थी, कृत्यै करने वालो से क्षुब्ध होकर वर्तमान घटनाक्रम पर बात रखते हुए ज्यादा समय समाज को न दे पाने असमर्थता जाहिर किए। जिस पर महासभा ने संज्ञान लेकर राजा योगेश्वर राज सिंह के पिछले बेहतर कार्यकाल उल्लेखनीय एवं समाज हित के कईयों ऐतिहासिक कार्य को दृष्टिगत रखते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए फैसला सुनाया जिसमें कहा कि राजा योगेश्वर राज सिंह जिलाध्यक्ष ही बने रहेगें। महासभा में ध्वनिमत से उक्त प्रस्ताव का समर्थन किया। महासभा ने कहा कि समाज के सभी प्रबंध कार्यकारिणी को एक साथ मिलकर समाज विकास में रणनीति बनाकर काम करना है। इसके अलावा महासभा में महासभा को अपमानित करने वाले कुछ विघ्न संतोषी, असामाजिक कृत्य करने वाले उपद्रवी तत्वों का चिन्हांकित कर अंकुश लगाने बड़ी सामाजिक कार्यवाही किया गया है। तथा इस निर्णय को ब्लॉक सेक्टर, ग्राम स्तर में बैठक लेकर और बताया जाएगा। इस दौरान हजारों की संख्या में गोंड़ समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### खबर संक्षेप

**नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को**

**कवर्धा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों जिसमें छात्रावास ड्यूटी और 500 नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को आयोजित होगी। मुख्यालय नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन एसडीआरएफ सेवाएं, मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों और 500 नगर सैनिकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून को होगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सहसपुर लोहारा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202506082300001 अ-6 वर्ष: 2025

ग्राम-मगरवाह प.ह.नं.- 44

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण के दादाजी लखन लाल साहू आ. कन्हैया साहू ग्राम मगरवाह, तहसील - सहसपुर लोहारा जिला- कबीरधाम के स्वामित्व व आधिपत्य के नाम पर ग्राम मगरवाह, प.ह.नं. 44 रा.नि.म. रा.ठाठापुर तहसील-सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम मे ख.न. 247/1 रकबा 1.4160 हे. भूमि स्थित है आवेदक के दादाजी लखन पिता कन्हैया ने दिनांक 29/07/2024 को विलेख क्र. cg-2024-25-157-3-29 माध्यम से आवेदक के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया था। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसे प्रकरण में विस्तृत जांच के कारण प्रकरण ई कोर्ट में लिया गया। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, तथा दिनांक 04.07.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा वैध अभिकर्ता के माध्यम से नियत पेशी तिथि 04.07.2025 के पूर्व दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

जारी तिथि :- 16.06.2025

पेशी तारीख :- 04.07.2025

मुहर

नायब तहसीलदार
सहसपुर लोहारा

## सैहामालगी में विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुण्डा मंडल अंतर्गत सैहामालगी में कार्यक्रम आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के 11 वर्ष कैसे स्वर्णिम वर्ष के रूप में लोगों के जीवन को परिवर्तन किया उसे जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है, वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए बताया की कैसे 2014 के बाद किसानों की जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन आया जिस तरह से नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया था की किसानों का आय दोगुनी करके दिखाऊंगा उसे सिद्ध करके दिखाया, देश के 11 करोड़ किसानों को 3.7 लाख करोड़ रूपए किसान सम्मान निधि के रूप में देकर उनका मान बढ़ाया, एक पूर्व प्रधानमंत्री हुए जो सार्वजानिक रूप से कहा करते थे की मैं एक रुपया भेजता हूं और जनता तक 10 पैसा पहुंचता है, मगर नरेंद्र मोदी ने जनता के पैसे को सीधा उनके खाता में भेजने का कार्य किया। भ्रष्टाचार के खिलाफ डिजिटल लेंन देंन ने एक मुहिम का काम किया जिसका परिणाम है की आज देश तेजी से तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री का सपने का भारत कैसा हो इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न आज देश में कुपोषण में कमी आई है, अब लोग भूखा नहीं सो रहे हैं, पर्यावरण सुरक्षा के तहत एक पेड़ मां के नाम ने जैसे पर्यावरण के क्षेत्र में क्रांति सी ला दी। आज लाखों की संख्या में पेड़ लग रहे हैं और सिर्फ पेड़ लग ही नहीं रहे हैं, पेड़ सुरक्षित भी है और अपने स्वरूप में आ रहे हैं अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए पौधरोपण किया एवं स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों द्वारा देश के सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से मुख्य जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, जिला मंत्री सुरेश दुबे, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, कार्यक्रम संयोजक विकास पाण्डेय, सहसंयोजक कृष्ण चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी सहित समस्त कुण्डा मंडल के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी गण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थें।

**शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पौधारोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया**

## नए शैक्षणिक सत्र: कन्या शाला में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत 16 जून से शुरू हो गई है। स्कूल खुलने के साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया। इस आयोजन का शुभारंभ विद्यादायिनी मां सरस्वती की छाया चित्र में पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती मंजूला कुर्रे, शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती प्रभा देवांगन, पार्षद श्रीमती अनुराधा शर्मा, श्रीमती पुष्पलता राज, श्रीमती मीनाक्षी सिंह, सेवानिवृत्त वरिष्ठ पीटीआई वायके कुलमित्र उपस्थित थें। अतिथियों द्वारा संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में नव-प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत, मिठाइयां व पुस्तक एवं गणवेश का वितरण



किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मंजूला कुर्रे ने छात्रों को संबोधित करते हुए नवीन शिक्षण सत्र एवं उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए शुद्ध जल हेतु छात्राओं के लिए वॉटर कूलर लगवाने की घोषणा की। श्रीमती प्रभा देवांगन ने भी छात्राओं को शिक्षा के महत्व को बताते हुए छात्राओं को निरंतर प्रयास कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के लिए उत्साहित किया। साथ ही उनके द्वारा छात्राओं के लिए सायकल स्टैंड बनवाने हेतु प्रयास किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं वायके कुलमित्र ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर सफलता हेतु प्रयास करने प्रेरित किया। संस्था की प्राचार्य श्रीमती एनके इक्का ने कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त करने वाले छात्राओं को स्कूल बैग देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया और आज के कार्यक्रम में युक्तियुक्तकरण के पश्चात संस्था में आए हुए नए शिक्षिकाओं का अभिनंदन व स्वागत किया गया। वहीं सभी अतिथियों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। साथ ही साथ स्कूल परिषर में कौनाकार्पस का पौधरोपित कर वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।